हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 25 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 14.4 डिग्री

10 सड़क पर बस धोना ड्राइवर को पड़ा महंगा, भरना पड़ा जुर्माना



11 जोरातराई में गुरु घासीदास जयंती और लोककला समारोह का आयोजन





## खबर संक्षेप

### वार्षिक सम्मेलन आज

**भिलाई।** महाराजा सूरजमल जनकल्याण जाट समाज भिलाई का वार्षिक सम्मेलन 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे सेक्टर-5 सड़क 9 स्थित जाट भवन में किया गया है। समिति के अध्यक्ष एसआर जाखड़ और सचिव रोहताश सिंह गहलावत ने बताया कि वार्षिक सम्मेलन में प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। समिति ने समाज के सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### सम्मेलन कल

**भिलाई।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सेवा भिलाई 01 द्वारा महतारी वंदन सम्मेलन का कार्यक्रम 26 दिसंबर गुरूवार को दोपहर 12 बजे डॉ. बीआर आंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन गौरवपथ बैकुंठधाम भिलाई में किया गया है। इस कार्यक्रम सभी जनप्रतिनिधियों और हितग्राही मातृशक्ति को आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन की इस योजना की सफलता के अवसर पर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

### अटल परिसर का सीएम करेंगे वर्चुअल भूमिपूजन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में अटल परिसर बनाने वार्ड 7 शारदा विद्यालय के सामने भूमिपूजन किया जाएगा। 25 दिसंबर को बुधवार दोपहर 2 बजे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरूण साव वर्चुअल रूप से शामिल होंगे। भारत रत्न दिवगंत प्रधानमंत्री अटल बिहारी की स्मृति में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू, लोकनिर्माण विभाग प्रभारी जहीर अब्बास, पार्षद वार्ड 7 संजू नेताम, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, भिलाई जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनुपम साहू बतौर अतिथि उपस्थित रहेंगे।

### महिला अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता 28 को

**भिलाई।** जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023-24 के अंतर्गत दुर्ग रेंज के महिला अभ्यर्थी जो निर्धारित परीक्षा तिथि में उपस्थित नहीं हो सके थे। उनके लिए दोबारा अवसर प्रदान किया गया है। ऐसी महिला अभ्यार्थी 28 दिसंबर को परीक्षा केंद्र प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई शामिल हो सकते हैं। एसपी जितेंद्र शुक्ला के जारी आदेश के तहत जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत दुर्ग रेंज दुर्ग के जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के लिए आरक्षक भर्ती परीक्षा केन्द्र प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई जिला-दुर्ग में शामिल होने वाले महिला अभ्यर्थी परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र में उपस्थित नहीं हो पाये है। शारीरिक नापजोख, शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 28 दिसंबर को शामिल हो सकते है।

# सभी अस्पतालों में सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम, बनेगी पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**उच्चतम न्यायालय के निर्देश के परिपालन में संभागायुक्त ने ली बैठक**





विधानसभा में अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठाए गए सवाल से घिरने के बाद राज्य शासन द्वारा जिले के सभी चिकित्सा संस्थान में सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए है। यही नही सुरक्षा व्यवस्था की एक निश्चित समय में आडिट किए जाने भी कहा गया है, वही मरीज के परिजनों पर कडी नजर रखने के निर्देश संभागायुक्त ने दिए और राज्य शासन के निर्देशों से अफसरों को अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत दुर्ग संभाग में संचालित समस्त चिकित्सा संस्थाओं में कार्यरत स्टाफ की सुरक्षा उपायों के तत्काल क्रियान्वयन के लिए संभागायुक्त एसएन राठौर की अध्यक्षता में संभागीय आयुक्त कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में विगत दिन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संभागायुक्त राठौर ने चिकित्सा कर्मियों को प्राप्त कानूनी संरक्षण को प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने, सुरक्षा और हिंसा रोकथाम के लिये समितियों के गठन, चिकित्सा संस्थाओं में प्रवेश पर नियंत्रण, चिकित्सा कर्मियों के लिए सुरक्षा प्रावधान, पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं निगरानी, रात्रिकालीन सुरक्षागश्त, चौबीसों घंटे सुरक्षा नियंत्रण कक्ष की स्थापना, स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय, यौनउत्पीड़न घटना की रोकथाम हेतु गठित आंतरिक समिति के बेहतर संचालन, चिकित्सा संस्थाओं में पुलिस चौकी की स्थापना एवं पुलिस प्रशासन के माध्यम से सुरक्षा ऑडिट कार्य, हेल्पलाईन नंबर 112 के माध्यम से सुरक्षा सुनिश्चित करना आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर संबंधित विभाग अधिकारियों को क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिले के पुलिस महानिरिक्षक रामगोपाल गर्ग, राजनांदगांव के डीजी मोहित गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, राजनांदगांव के कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, चन्दूलाल चिकित्सा महाविद्यालय कचांदुर दुर्ग एवं चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सालय के डीन डॉ तृप्ति नागरिया, डॉ. कुजलदीप सिंह सांगा, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के प्रशासकीय अधिकारी डॉ टेकन कुमार, चिकित्सक डॉ पवन जेठानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कोलकाता कांड का दिया गया हवाला

संभागायुक्त श्री राठौर ने अवगत कराया कि, कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में हुई घटना के बाद उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दिशा-निर्देशों जारी किए गए है। उन्होंने चिकित्सा संस्थाओ में चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिये बने भारतीय न्याय संहिता और राज्य कानूनों की संबंधित धाराओं का विवरण, जिसमें उल्लंघन के लिये दंड का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो, प्रमुख स्थानों पर स्थानीय, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में प्रदर्शित किया जाने की बात कही।

### रोकथाम के उपाय हेतु समिति का गठन

संभागायुक्त ने शासकीय चिकित्सालयों में वहां के वरिष्ठ चिकित्सकों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से एक अस्पताल सुरक्षा समिति और हिंसा रोकथाम समिति का गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा उक्त समितियों को स्वास्थ्य संस्थाओं के परिसर में व्यापक सुरक्षा उपायों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने का उत्तरदायित्व सौंपे जाए एवं समय-समय पर गठित समितियों के कार्यों की मॉनिटरिंग की जाए। सुरक्षा समितियां स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

### चिकित्सा संस्थाओं में प्रवेश पर नियंत्रण व निगरानी

संभागायुक्त श्री राठौर ने निर्देषित करते हुए कहा सुरक्षा चिकित्सा संस्थाओ में सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति की जाए। चिकित्सा संस्थाओ में आम जनता और मरीजों के रिश्तेदारों के प्रवेश को सख्ती से नियंत्रित किया जाए। आंगतुक पास नीति को कड़ाई से लागू किया जाए। रात्रि के समय आगन्तुकों को प्रवेष न दिया जाए। परिसर में मरीजों के रिश्तेदारों के गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

**चिकित्सा संस्थाओं में पुलिस चौकी की स्थापना:** संभागायुक्त ने शासकीय एवं निजी 100 बिस्तर एवं उससे अधिक चिकित्सा अस्पतालों में आवष्यक रूप से पुलिस चौकी की स्थापना के साथ पर्याप्त सुरक्षा बल की व्यवस्था करने एवं उक्त पुलिस चौकी का दूरभाष नंबर अस्पताल के मुख्य स्थानों पर प्रदर्शित किये जाने हेतु निर्देशित किया। प्राप्त शिकायती फोन कॉल के त्वरित निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर 112 का उपयोग करने के लिये आवश्यक व्यवस्था एवं इसका चिन्हांकन अस्पतालों के मुख्य स्थानों पर किया जाना सुनिष्चित करे।

**नई व्यवस्था : वर्ष 2018 से मिल रहा आयुष्मान योजना का लाभ**

# छह साल में दस हजार एपीएल ने पचास हजार के कार्ड को पांच लाख में बदला

राहुल शर्मा ⏭ दुर्ग

पिछले छः सालों में एपीएल परिवार टूटकर बीपीएल में बदल गए हैं। बीपीएल राशन कार्ड में तब्दील होने के बाद परिवार के सदस्यों को इलाज की भी चिंता सताने लगी हैं। इस चक्कर में करीब दस हजार लोगों ने एपीएल कार्ड के जरिए बनाए गए पचास हजार रूपए तक के स्मार्ट कार्ड को पांच लाख वाले आयुष्मान कार्ड में बदल दिया है। पांच लाख वाले आयुष्मान कार्ड का क्रैज इस कदर बढ गया है कि, संयुक्त परिवार टूटकर एपीएल से बीपीएल हो रहे है। यानि अमीर से गरीब होने में जरा भी गुरेज नही कर रहे है। खाद्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि, कई हितग्राही ऐसे होते है, जिनके परिजन अस्पताल में भर्ती होते है। उस दौरान वे पांच लाख का आयुष्मान कार्ड बनाने की डिमांड लेकर पहुंचते हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार आयुष्मान कार्ड योजना की शुरूआत 2018 में की गई थी। जिसके बाद बीपीएल परिवार को पांच लाख रूपए तक की सुविधा दी जा रही है। इसमें परिवार के प्रत्येक सदस्यों को लाभ मिल रहा है। यही कारण है कि, इस स्कीम से प्रभावित होकर लोग संयुक्त परिवार से टूटकर यह दिखाना चाह रहे कि, वे बीपीएल की श्रेणी में आ गए है। जानकारी अनुसार पिछले छः साल में दस हजार से अधिक लोगों ने एपीएल कार्ड से बीपीलए कार्ड में परिवर्तन कराया है। देखा जा रहा है कि, ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योकि बीपीएल में इलाज की सुविधा पांच लाख तक मिल रही है, वही एपीएल परिवार को सिर्फ पचास हजार की ही सुविधा हैं।

**इलाज की चिंता ने बढ़ाई आयुष्मान कार्ड की संख्या**

हरिभूमि सरोकार

### जिले में साढ़े चार लाख राशन कार्ड

जिले में साढे चार लाख से अधिक एपीएल और बीपीएल सहित अन्य कार्डधारी शामिल है। इसमें करीब 17 लाख 11534 सदस्य शामिल है। नए स्कीम की माने तो सभी सदस्यों का अलग से आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। अब तक विभाग द्वारा 14 लाख 65 हजार 174 कार्ड बनाए हैं। जो टोटल सदस्यों का 85 फीसदी है। वही करीब दो लाख 46361 सदस्यों का कार्ड बनाना शेष है।



### 70 प्लस योजना में सभी को मिलेगी सुविधा

आयुष्मान कार्ड योजना में सत्तर प्लस बुजूर्गो को पांच लाख तक इलाज की सुविधा दी जानी है। इसमें एपीएल हो या बीपीएल सभी को पांच लाख तक की सुविधा मिलेगी। बहरहाल जिले में ऐसे 86429 का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। लेकिन अब तक सिर्फ बीस हजार के कार्ड बन गए है। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे बुजूर्गो का सर्वे भी कराया जा रहा है। अब तक करीब 13065 बुजूर्गो की मौत हो चुकी है, वही सर्वे में मौजूद लोगों का तत्काल कार्ड बनाया जा रहा हैं।

### पात्रों का बन रहा

बीपीएल कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। जो पात्र होगें उन्हें योजना का लाभ तो दिया जाएगा। अगर वे बीपीएल की श्रेणी में आते है तो उन्हें पहले मिले कार्ड को निरस्त कराना होगा।

-मनोज दानी, सीएमएचओ, दुर्ग

### जिलेभर में बन रहे आयुष्मान कार्ड

अधिकारियों ने बताया कि, आयुष्मान कार्ड बनाने जिलेभर में अभियान चल रहा हैं। वर्तमान में जिले के एक हजार से अधिक च्वाइस सेंटर में कार्ड बनाए जा रहे हैं, वही नगरनिगम में डोर टू डोर आंगनबाडी कार्यकर्ता व निगम के कर्मचारी कार्ड बना रहे हैं। इसके आलावा गांव में भी आंगनबाडी सहायिका व पंचायत सचिव के जरिए कार्ड बन रहे है। पिछले सात दिनों में जिले में ढाई हजार से अधिक कार्ड बनाए गए हैं। विगत 16 दिसंबर को 394 सत्रह दिसंबर 395 अठारह दिसंबर 192 उन्नीस दिसंबर 419 बीस दिसंबर 420 इक्कीस दिसंबर 412 बाई दिसंबर 122 कार्ड बनाए गए है। इस तरह पिछले सप्ताहभर में 2605 बने हैं।

**दो युवक हैं अब भी फरार**

# मेड़ेसरा पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नंदिनी थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप में लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि छत्रपाल साहू ने पुलिस में शिकायत किया था कि मेडेसरा स्थित बोथरा पेटोल पंप में चार युवक पेट्रोल भरवाने रात को पहुंचे थे। इस दौरान पेट्रोल पंप बंद होने की जानकारी देने के बाद भी युवकों ने कर्मियों से जबरन चाकू डंडा और एयरगन दिखाकर 28 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीसीयू की टीम और नंदिनी पुलिस जुटी रही। डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक, क्राइम प्रभारी तापेश्वर नेताम, नंदिनी टीआई मनीष शर्मा के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने पहले घटनास्थल का मुआयना किया उसके बाद कर्मियों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी फूटेज कभी खंगाला गया। जिसमें चार युवक आते दिखाई दे रहें है। एक एक्टीवा काला रंग और बाइक भी दिख रहा है। फुटेज के आधार पर मुखबिरों ने बताया कि ग्राम कोड़िया निवासी अपचारी बालक के पास सिल्वर रंग की बाइक है। उसके बारे में पतासाजी करने पर पतासाजा कि बालक बदमाश किस्म का है। नंदनी पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया। बालक ने अपने साथी युवराज यादव समेत अन्य दो साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।



■ नंदिनी पुलिस व एसीसीयू को मिली सफलता

### नेहरू नगर तारामण्डल उद्यान में आज भूमिपूजन

**भिलाई।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के स्वर्ण जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर को अटल परिसर का भूमि पूजन नेहरू नगर पूर्व तारामण्डल उद्यान के समीप में किया जाएगा। जिसकी लागत राशि 50 लाख रूपये होगा। बहुत ही आर्कषक लोकेशन पर छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की 6 फिट मूर्ति स्थापित की जाएगी। चारों तरफ लैण्डस्केप, सुन्दर फूलों की बागवानी, लाईटिंग, हरियाली आदि सब आर्कषण का केन्द्र होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम नेहरू प्लेनेटेरियम के बगल में अपरान्ह 1 बजे से शुरू होगा। मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, सह-अध्यक्षता महापौर नीरज पाल नगर पालिक निगम भिलाई, विशिष्ठ अतिथि सभापति गिरवर बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद एवं जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, अध्यक्ष लोक कर्म विभाग एकांश बंछोर, वार्ड-4 पार्षद चंदेश्वरी बांधे, एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष आदि मौजूद होंगे।

**माह भर पहले हुई थी मुठभेड़**

## अमित एनकाउंटर: एसडीएम छावनी जांच अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बदमाश अमित जोश के एनकाउंटर मामले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने भिलाई नगर थाना के जयंती स्टेडियम के पीछे फारेस्ट एवेन्यू में विगत 8 नवम्बर 2024 को घटित पुलिस मुठभेड़ घटना की जांच के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी भिलाई नगर हितेश पिस्दा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। इसे लेकर जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की जानकारी हो तो 9 जनवरी 2025 तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी जिला दुर्ग (कलेक्टोरेट कक्ष क्रमांक 23) में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# सभी रिटेंशनधारियों को मिले आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने एक नए संगठन सेवा निवृत्त कार्मिक संगठन का गठन किया है। इस संगठन के बैनर तले सदस्यों ने मंगलवार को सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। विशेष रूप से संगठन की मांग है कि सभी रिटेंशन धारियों को आवास लाइसेंस में दिलाने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा करने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल ने सांसद को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हम सभी रिटेंशनधारी सदस्य भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्मिक है। हम सभी ने नियत आरक्षित राशि 10 लाख रुपए तक रिटेंशन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के निर्देशानुसार डिमांड ड्राफ्ट द्वारा बिना ब्याज के जमा किया है। सभी ने आवासों के भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्टेट विभाग द्वारा नियमित किराये का 32 गुना (पनाल्टी सहित), बिजली का बिल व पानी व सफाई जैसे सारे सुविधाओं के लिए नियत शुल्क का नियमपूर्वक भुगतान कर रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि बीएसपी द्वारा वर्तमान में 400 स्वायर फिट एरिया तक के आवासों को ही लाईसेंस पद्धति द्वारा किरायें पर प्रदान किया जा रहा है। सांसद से मुलाकात के दौरान संगठन के प्रतिनिधि के रूप में सुरेश चंद, महासचिव निर्मल मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कन्नौजे, उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा, कार्यालय सचिव अनिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष शैलेश राय सहित रोहित सिंह, पी मोहन राव, संतोष सिंह मौजूद थे।



■ बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सांसद विजय को सौंपा ज्ञापन

**किसान आत्महत्या मामले में न्याय का इंतजार कर रहा पीड़ित परिवार**

# महीनों से पुलिस को नहीं मिली आत्महत्या प्रकरण में रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ग्राम ढौर के किसान ने आत्महत्या करने के पहले सुसाइडल नोट लिखा था। सुसाइडल नोट को जामुल पुलिस रायपुर एफएसएल के लैब में हेंडराइटिंग एक्सपर्ट की राय के लिए भेजा है। लेकिन 6 महीने बाद भी रिपोर्ट नहीं आने की वजह से आत्महत्या का प्रकरण उलझा हुआ है। भू-माफियों के नाम पत्र में होने की वजह से कई तरह का संशय पीड़ित परिवार को है। परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

उल्लेखनीय है कि माह फरवरी में ग्राम ढौर सतनामी पारा जामुल निवासी किसान जुगल किशोर बंजारे ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। घटनास्थल पर पुलिस को एक सुसायडल नोट भी मिला था। सुसाइडल नोट में जामुल क्षेत्र के तीन भू-माफियों के नाम का स्पष्ट उल्लेख था। पत्र में इस बात का जिक्र था कि किसान जुगल किशोर भू-माफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगाया है। जामुल पुलिस ने सुसाइडल नोट को जांच के लिए रायपुर स्थित लैब भेजा है। जहां हेंडराइटिंग एक्सपर्ट अपनी राय देंगे। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। लेकिन एक रिपोर्ट के लिए पुलिस को 6 महीने से इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके कारण कई तरह की चर्चा क्षेत्र में व्याप्त है। पीड़ित परिवार भी न्याय की गुहार लगाने दर-दर की ठोकरे खा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक जुगल किशोर बंजारे के जमीन का सौदा तीन भू-माफियाओं के साथ हुआ था। समय बीतने के बाद भी तीनों भू माफिया जुगल किशोर बंजारे को रुपए नहीं दिए बल्कि रुपए के नाम पर लगातार घुमाया करते थे। पुलिस के अनुसार मृतक से बरामद पत्र में आरोप है कि भू माफिया प्रदीप यादव, राहुल सिन्हा और महेश नामक व्यक्तियों से किसान जुगल परेशान था। पुलिस पत्र की राइटिंग की पुष्टि करना चाहती है। पुलिस सैंपल के साथ पत्र को जांच के लिए हेंडराइटिंग एक्सपर्ट को भेजा है। पुलिस को जुगल किशोर के पैंट से सुसायडल नोट मिला था। जामुल पुलिस भी इस घटने को लेकर कोई खास कार्रवाई नहीं कर पाई। सिर्फ मर्ग कायम कर पेडिंग में डाल दिया। परिजनों ने जामुल पुलिस पर पहले कई गंभीर आरोप लग चुका है। पीड़ित बंजारे परिवार के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मृतक की पत्नी लता बंजारे और मां का भी कहना है कि भू-माफियाओं के कारण जुगल किशोर बंजारे जान दी है। सौदा होने के बाद भी रकम देने में आना-कानी कर रहे थे।



### रिपोर्ट का कर रहे इंतजार

ग्राम ढौर में जुगल किशोर बंजारे आत्महत्या प्रकरण में पुलिस को सुसाइडल नोट मिला है। सुसाइडल नोट हेंडराइटिंग एक्सपर्ट के पास भेजा गया है। हेंडराइटिंग एक्सपर्ट के रिपोर्ट आने के बाद मामले में नियमानुसार जुर्म पंजीबद्ध किया जाएगा। सभी पक्षों का बयान लेकर पुलिस पूरी मुस्तैदी से इसकी जांच कर रही है। पीड़ित परिवार को न्याय मिले यह पुलिस की प्राथमिकता है।

-कपिल देव पांडेय, टीआई जामुल थाना

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें


★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप

### मोतीलाल वोरा सभागार में आज वर्चुअल कार्यक्रम

दुर्ग। अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नगर पालिक निगम में 25 दिंसबर को मोतीलाल वोरा सभागार में दोपहर 1 बजे भूमिपूजन कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से होगा। इसमें रायपुर से वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव सहित अन्य मंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर नगरीय प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी निकाय प्रमुखों को निर्देश जारी किया है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण योजना अंतर्गत अटल परिसर का निर्माण प्रस्तावित हैं। मुख्यमंत्री श्री साय और उपमुख्यमंत्री श्री साव द्वारा अटल जयंती के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसे देखते हुए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सफल कार्यक्रम के लिए कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी को नोडल अधिकारी बनाया गया है और तैयारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में आवश्यक व्यवस्था हेतु निगम अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**बैठक : लंबे समय से गायब अधिकारी और कर्मचारी पर होगी कार्रवाई**

# पांच साल के डीएमएफ फंड का कलेक्टर ने विभागों से मांगा ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर ने सप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विगत पांच साल के डीएमएफ फंड के जरिए किए गए खर्चो का ब्यौरा मांगा है। राज्य में सत्ता बदलने के बाद सरकार ने कहा था कि, डीएमएफ की जांच होगी। डीएमएफ राशि की जानकारी मांगे जाने के बीच विभागों में खलबली मच गई है।

उल्लेखनीय है कि, डीएमएमएफ फंड में प्रदेशभर में व्यापक पैमाने पर गडबडी हुई हैं। यही कारण है कि, राज्य शासन द्वारा पूर्व में भी जांच कराने कहा था। इसके आलावा बैठक में कलेक्टर ने ऐसे अधिकारी व कर्मचारी जो लंबे समय से गायब हैं, उन पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए है, वहीं 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर जिले के सभी पंचायत के अटल चौक और नगरीय निकायों में अटल परिसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यक्रम होगें। अधिकारी कार्यालयों की स्वच्छता पर भी ध्यान देवे। साथ ही 31 दिसंबर तक अनुपयोगी पुराने रिकार्ड फाइलों को बाइंडिग कराकर व्यवस्थित करा ले। इसी प्रकार पुरानी आलमारी, कुर्सिया, कूलर, पंखे सहित अन्य सामग्रियां जो अनुपयोगी हो, उन्हे प्राथमिकता के साथ राइट-ऑफ कराए। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव की अद्यतन तैयारियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में आयुष्मान कार्ड बनाने की अद्यतन प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए नगरीय निकायों के अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

**कहा-निर्माण कार्य एजेंसी, विभाग राशि भुगतान लंबित न रखें**



### पीएम सूर्यघर योजना की सुस्त रिपोर्ट

उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों और जनपद सीईओ को संबंधित क्षेत्रों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में आगामी एक सप्ताह के भीतर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण कार्य एंजेसी विभागों को राशि भुगतान लंबित नहीं रखने, समय पर सभी देयकों का भुगतान करा लेने के निर्देश दिए। उन्होंने भिलाई एवं चरोदा के निगम कमीश्नरों को संबंधित औद्योगिक क्षेत्रों से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए।

### केवाईसी और नवीनीकरण को दे प्राथमिकता

इसी प्रकार उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को संबंधित निकायों में राशन कार्ड केवायसी और नवीनीकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने निर्माण कार्य एजेंसी विभाग के अधिकारियों को वर्ष 2019 से डीएमएफ अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपलब्ध कराने कहा है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मुख्यमंत्री अन्य पत्र, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन, वेब एवं पोस्ट द्वारा प्राप्त आवेदन, सार्थ-ई पोर्टल और पीजी पोर्टल के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिकता के साथ शीघ्र प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।

# संभागायुक्त ने पीएफएमएस मामले की जांच के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

तकियापारा संकुल दुर्ग के पीएफएमएस खाता में अवैध रूप से संचालन के संबंध में नौशाद खान के विरूद्ध शिकायत आवेदन

- तकियापारा संकुल में खाता अवैध रूप से संचालन का मामला

मामले में संभागायुक्त एसएन राठौर ने संभागीय कार्यालय शिक्षा को जांच के निर्देश दिए है। उन्होने इस मामले में जांच के बाद रिपोर्ट भी मांगी हैं।

उल्लेखनीय है कि, तकियापारा संकुल के संयुक्त खाता को नौशाद खान के द्वारा अवैधानिक रूप से संचालित किए जाने का मामला सामने आया था। नौशाद खान वर्तमान में प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरीदनगर भिलाई में पदस्थ हैं। संभागायुक्त ने इस मामले में जाँच दल गठित कर जाँच करने कहा है। इस मामले में संकुल संस्था में पदस्थ नहीं होते हुए भी नौशाद खान द्वारा संकुल के पीएफएमएस खाते से पीपीए के माध्यम से लाखों रूपए का राशि वेंडर को भुगतान किया गया था।

### ये था पूरा मामला

तकियापारा हाई स्कूल के प्राचार्य रहे नौशाद खान को बीस अक्टूबर 2022 को फरिदनगर हाई स्कूल में प्राचार्य की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन इसके बाद भी उनके हस्ताक्षर के जरिए तकियापारा स्कूल के फंड को 24 मार्च 2024 तक निकाली जा रही थी। शिकायत पर तत्कालीन डीईओ अभय जायसवाल और वर्तमान डीईओ अरविंद मिश्रा दोनो से की थी। दोनो द्वारा कराए गए जांच में संबंधित प्राचार्य दोषी पाया गया हैं।

### स्पेशल एजुकेटर एवं स्पीच थैरेपिस्ट के लिए आवेदन 31 तक

दुर्ग। प्रबंध संचालक राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर द्वारा समग्र शिक्षा के तहत स्पेशल एजुकेटर के (31 मार्च 2025 तक) के पद पूर्ति हेतु एवं स्पीच थैरेपिस्ट के पदाकंन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है। इस कार्य में स्पेशल एजुकेटर (शा.प्रा.शा पीएमश्री बानबरद हेतु) एवं स्पीच थैरेपिस्ट (दुर्ग जिले के समस्त विकासखंड हेतु) का मानदेय 20000 रूपए प्रतिमाह प्रदाय किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार इच्छुक आवेदक अपना आवेदन स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा दुर्ग में 31 दिसम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है।

# सड़क पर बस धोना ड्राइवर को पड़ा महंगा, भरना पड़ा जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर सुंदर स्वच्छ को बरकरार रखने के लिए नगर निगम की टीम लगातार लगी हुई है। शहर में सड़कों पर गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। बस ड्राइवरों ने जीई सड़क मार्ग किनारे पर बस की धुलाई करते निगम ने पकड़ा। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में मंगलवार को स्वच्छता निरीक्षक प्रताप सोनी के नेतृत्व में प्रभारी दरोगा परमेश्वर एवं सुपरवाइजर ने सड़क किनारे बस धोने के साथ-साथ सड़क पर गंदगी करने पर 6 बस ड्राइवर पर जुर्माना लगाया। बस के 6 संचालकों 500-500 कुल 3 हज़ार रुपये जुर्माना लिया गया। शहर के लोगों व बस संचालकों से आयुक्त ने कहा कि सड़क किनारे पर कार, वाहन व बस को ना धोएं। मुख्य मार्गों सड़क किनारे बस व गलियों में कार, गाड़ी, वाहन धोने के कारण गंदगी फैलती है एवं इससे वहां के नागरिकों को असुविधा होती है। ऐसा करते पाये जाने व गंदगी करने पर जुर्माने की कार्रवाही निगम स्वास्थ्य विभाग अमला करेगी।

### योजना अंतर्गत 15.60 लाख रूपए स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार अधोसंरचना निर्माण कार्यों की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग पाटन द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यों का संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत सीईओ से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड पाटन के ग्राम बटंग में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम टोलाघाट में हरदिहा साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए और ग्राम जरवाय में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### पीडीएस चावल की अवैध तस्करी की शिकायत

दुर्ग। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से पीडीएस चावल (सरकारी चावल) की तस्करी के मामले की शिकायत की। मामले में ठोस कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी कार्यकर्ताओं ने दी है। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के विभाग संयोजक रवि निगम ने बताया कि, दो दिन पहले जेवरा सिरसा में उनके कार्यकर्ता राजा साहू और इंद्रजीत महराज ने पीडीएस का चावल बड़े पैमाने पर पकड़ा था। इस बात से नाराज होकर तस्करों ने उनके कार्यकर्ताओं से मारपीट की। मारपीट के घटना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जेवरा सिरसा चौकी में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया गया कि, चावल मिलने के बाद सैंपल नान को दिया गया था। लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट ही नही दी गई हैं।

### गृहमंत्री के खिलाफ बौध्द समाज ने किया प्रदर्शन

दुर्ग। हिन्दी भवन के सामने बौध्द सामाज द्वारा गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में किए गए टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बडी संख्या में बौध्द संगठन के लोग प्रदर्शन में जूटे थे। हिन्दी भवन के सामने सभा का आयोजन किए जाने के बाद इनके द्वारा शाम पांच बजे कलेक्टोरेट कूच किया गया। लेकिन पटेल चौक के आगे बेरीकेट्स लगाकर पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान जमकर उनके द्वारा नारेबाजी की गई।




# आधी-अधूरी तैयारियों के बीच बंटेगा जिले में आबादी जमीन का पट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भले ही केन्द्र सरकार द्वारा आगामी 27 दिसंबर से देशभर में आबादी जमीन पर काबिज लोगों को संपत्ति कार्ड यानि पट्टा बांटने की शुरूआत की जाएगी। लेकिन जिले में आबादी पट्टे का कार्य सुस्त गति से चल रहा हैं। सर्वे होने के बाद अब तक आबादी जमीन का पट्टा तैयार नही किया जा सका है। ऐसे में पंचायत चुनाव में नेताओं को नाराजगी झेलनी पड सकती है।

- 27 दिसंबर को पीएम करेगें योजना की शुरूआत

मिली जानकारी अनुसार जिलेभर में आबादी जमीन पर सालों से काबिज हितग्राहियों को आबादी पट्टे का वितरण किया जाना है।

इसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा ड्रोन सर्वे के जरिए नक्शा तैयार करने और रिकार्ड आनलाइन किए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिले में कराए गए सर्वे अनुसार 65 हजार से अधिक लोगों को पट्टा वितरण किया जाना है। लेकिन राजस्व महकमा द्वारा सिर्फ दस हजार पट्टा ही बांटने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि, केन्द्र द्वारा 27 दिसंबर को पट्टा बांटने के निर्देश के बाद राजस्व महकमे में खलबली भी मची रही। ऐसे में यह योजना खानापूर्ति बनकर रह गई हैं।

### पीएम मोदी करेंगे पट्टा बांटने की शुरूआत

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्य के राजस्व विभाग पंचायती राज विभाग तथा भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सहयोग से सम्पत्ति कार्ड जारी करने के साथ-साथ गांव के घरों के मालिकों को अधिकारों का रिकार्ड प्रदान करने लिए स्वामित्व योजना लागू की गई है। योजना के तहत 27 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से सम्पत्ति कार्ड वितरित कर लाभार्थियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर एवं जनपद स्तर पर नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला स्तर पर अपर कलेक्टर लता युगल उर्वशा को नोडल अधिकारी और उपसंचालक पंचायत काव्या जैन व अधीक्षक भू-अभिलेख अजीत चौबे को जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



## खबर संक्षेप

### ऑल इंडिया तैराकी में केवन का हुआ चयन

**उतई।** 25 से 27 दिसंबर तक एसआरएन यूनिवर्सिटी चेन्नई तमिल नायडू में आयोजित ऑल



इंडिया तैराकी प्रतियोगिता में केवन लाल का चयन किया गया है, जो 400 मीटर व्यक्तिगत मिडले में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगे। केवन मनसा महाविद्यालय कुरूद में बीपीएड में प्रथम वर्ष के छात्र है। इस सफलता पर राजा राम देवांगन, अरुण चौधरी, पिता तोमन लाल निषाद, माता भावना निषाद, कोच ओम कुमार ओझा, तामेश्वर घंघोरी ने बधाई दिए।

### रिकार्डिंग डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**अंडा।** श्री गणपति नवयुवक क्लब ग्रामवासी खप्परवाडा के तत्वावधान में 25 दिसम्बर को शाम 7 बजे से नववर्ष की पावन पर्व पर भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें प्रवेश शुल्क 201 रूपए रखा गया है। सामूहिक प्रथम 10000, द्वितीय 5000, तृतीय 3000, चर्तुथ 1500 रखा गया है। इसी तरह युगल नृत्य के प्रवेश शुल्क - 101 रुपए और प्रथम 3000, द्वितीय 2000, तृतीय 1500, चर्तुथ 1000 रखा गया है एवं एकल प्रथम 2000, द्वितीय - 1500, तृतीय 1000, चर्तुथ 500 रखा गया हैं। यह जानकारी मुकेश चन्द्राकर ने दी।

### मंडई 28 और कब्बड्डी प्रतियोगिता 29 को

**अंडा।** ग्राम ओड़ारसकरी में मंडई 28 दिसंबर को रखा गया है। इस अवसर पर रात्रिकालिन नाच पार्टी रखल्लारी (डौंडी लोहारा) पूजा के फूल नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया हैं । वहीं 29 दिसंबर को एक दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता रखा गया हैं। बाजार ठेकेदार महेन्द्र यादव, सुरेन्द्र सिन्हा, बरसाती यादव, लोमेश ठाकुर,भीषम धनकर, जीतेन्द्र ठाकुर ने मंडई मेला और कब्बड्डी प्रतियोगिता का अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आनंद उठाने की अपील की है।

### अंडा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आज

**अंडा।** इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में 25 दिसंबर से छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता गांधी भाटा अंडा आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रथम पुरस्कार 11001 रुपए और द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 5001 रुपए रखा गया है। आयोजन की जानकारी आयोजनकर्ता 11 स्टार क्रिकेट क्लब के द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी ओमप्रकाश सिन्हा ने दी।

## निधन

### हठियारीन बाई

**अंडा।** ग्राम अंडा निवासी हठियारीन बाई साहू उम्र 90 वर्ष का



निधन 24 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मुक्तिधाम में किया गया। वे शीतल साहू की बुआ एवं दुर्ग ग्रामीण पत्रकार एवं पूर्व गृहमंत्री के मीडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू की दादी थीं।

### भरत प्रसाद सिंह

**भिलाई।** सेक्टर 4 निवासी



बीएसपी के कांट्रेक्टर भरत प्रसाद सिंह उम्र 58 वर्ष का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे रित्विक सिंह के पिता और बृजेश सिंह के चाचा थे।

### कोमल सिंह साहू

**भिलाई।** कर्मचारी नगर निवासी बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मी कोमल



सिंह साहू उम्र 80 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से कर्मचारी नगर मोनू मिंटू किराना के पास से सुबह 10.30 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## जामगांव आर कॉलेज में स्नेह सम्मेलन व पुरस्कार वितरण समारोह

# अब बेटा पढ़ाओ, बेटा बचाओ अभियान की बात पीएम के समक्ष उठाएंगेः सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर शासकीय कालेज जामगांव आर स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को कॉलेज प्रांगण में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा थे। विशेष अतिथि दुर्ग संभाग क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. राजेश पांडे, जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, निवर्तमान अध्यक्ष लालेश्वर साहू , कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश केला, भाजपा दुर्ग जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद बघेल, मध्य पाटन निवर्तमान अध्यक्ष खेमलाल साहू मंचासिन थे। शहीद डोमेश्वर साहू के वीर पिता हीरालाल साहू एवं माता हेमबाई का सम्मान सांसद एवं अतिथियों ने किया। कॉलेज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान हुआ। कॉलेज समिति के सदस्य सहित अनेकों गणमान्य उपस्थित थे। वरिष्ठ प्राध्यापक नीता कुंभारे सहित अन्य प्राध्यापकों व स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किए। अध्यक्ष नरेश केला ने मांग पत्र सांसद को सौंपे।एरिया के भाजपा कार्यकर्ता बडी संख्या में उपस्थित थे।

**शहीद डोमेश्वर के माता-पिता का सांसद बघेल ने किया सम्मान**



### जामगांव आर कॉलेज किसी शहर से कम नहीं

प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने कहा कि वे उत्कृष्ट महाविद्यालय दुर्ग से जामगांव आर कॉलेज में प्राचार्य पद पर पदोन्नत होकर आई है। जामगांव आर कॉलेज को उत्कृष्ट कॉलेज बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। जामगांव आर कॉलेज किसी शहर से कम नहीं इस कॉलेज के दो बच्चे अग्निवीर में चयनित हुए, 1.2लाख का फेलोशिफ दो बच्चे को मिला गर्व की बात है।

### माता-पिता बेटों की पढ़ाई में भी ध्यान दे

मुख्यातिथि सांसद विजय बघेल ने कॉलेज छात्रों की कम संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज में बच्चों की संख्या 626 है जिसमें 416 छात्राएं हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का असर दिख रहा है लेकिन छात्र मात्र 33 प्रतिशत संख्या 210 है। यह घर परिवार समाज देश के लिए चिंतनीय है। अब समय की मांग उठ रही बेटा बचाओ बेटा पढ़ाओ अभियान की इस बात को वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अवश्य उठाएंगे। उन्होंने कहा कि माता-पिता ध्यान दे बेटों को भी आगे बढ़ाने में सजगता बरते। छात्र पढ़ाई में ध्यान दे अपना भविष्य संवारे। उन्होंने कहा कि मांग को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### गुगल गुरु का साथ लेकर स्वर्णिम मंजिल हासिल करें

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने अपना और देश का भविष्य बनाने के लिए विद्यार्थी जीवन स्वर्णिम काल होता है। विद्यार्थी देश के भविष्य है सकारात्मक सोच के साथ गुगल गुरु का साथ लेकर दुनिया को मुट्ठी में भर सकते हैं। संचार क्रांति ने गरीबों को अमीरों से आगे बढ़ाने में मददगार साबित हुई। लक्ष्य प्राप्ति के लिए उचित दिशा में कदम बढ़ाए मंजिल मिलना तय मानिए।

वहीं दुर्ग संभाग अपर संचालक डॉ. राजेश पांडे ने कहा कि प्रतिभा गांव शहर की मोहताज नहीं होती। संस्था में डॉ शिखा अग्रवाल जैसे अनुभवी प्राचार्य है गुरु जनों के मार्गदर्शन के गुर को समझे सीखे योजना बद्ध कार्य करे मंजिल कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति आत्म निर्भर बनाने के लिए आ रही है। भरपूर लाभ उठाए अपना और देश का भाग्य सवारे । संचालन प्रो रजनीकांत तिवारी ने किया।

## बलिदान की गाथा कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की प्रेरणा देती हैः विधायक चंद्राकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ग्राम पीपरछेड़ी में आयोजित छत्तीसगढ़ के गौरव, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए।

यह आयोजन वीर नारायण सिंह के साहस, त्याग और मातृभूमि के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण को नमन करने का अवसर था। उनके बलिदान की गाथा हमें सदैव अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की प्रेरणा देती है। ऐसे वीर सपूत की स्मृति को जीवंत रखने के लिए ग्रामवासियों और आयोजकों को साधुवाद। उनकी अमर विरासत हमारे दिलों में सदैव बनी रहेगी। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कह कि आज मैं शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस पर उपस्थित होने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। यह दिवस हमें अपने देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए शहीद हुए वीरों की याद दिलाता है ।

- शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक ललित

इस अवसर पर सहायक कुल सचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग हिमांशु शेखर मंडावी, अध्यक्ष गोंडवाना समाज दुर्ग तुलसीराम ठाकुर, प्रोफेसर साइंस कॉलेज दुर्ग डॉ. श्रीराम कुंजाम, सेवा.नी. संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग गिरधर राम मरकाम, प्रवक्ता गोंडवाना समाज दुर्ग संतोष कुंजाम, समाज सेविका चंद्रकला तारम, अध्यक्ष दुर्ग तहसील गोंडवाना समाज चुरामन कतलम, अध्यक्ष परिक्षेत्र जामुल गोंडवाना समाज नरेंद्र मंडावी, अध्यक्ष परिक्षेत्र उतई गोंडवाना समाज सुखनंदन ठाकुर, अध्यक्ष परिक्षेत्र बोरई गोंडवाना समाज योगेश्वर छेदैय्या, अध्यक्ष परिक्षेत्र रसमडा गोंडवाना समाज रामानुजन छेदैय्या, सरपंच ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी बालकृष्ण ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष खैरागढ़ छुईखदान गंडई गोंडवाना समाज संजय ध्रुव एवं दुर्ग नगर गोंडवाना समाज परिक्षेत्र बघेरा आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### छग मनवा कुर्मी समाज अधिवेशन आज

**उतई।** नगर के शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड उतई में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज अधिवेशन उतई में 25 दिसंबर को होने वाले के अधिवेशन के मुख्य अतिथि छग शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल होंगे। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पाटन अधिवेशन हेतु तैयारी बैठक उतई नगर के कुर्मी भवन में रखी गई थी। जिसमें समाज के प्रमुखजनों को मंच व्यवस्था ,स्वागत ,भोजन व्यवस्था हेतु टीम का गठन किया गया। इस दौरान पाटन राज के प्रमुख युगल किशोर आडिल, राज मंत्री केदार कश्यप, नगर अध्यक्ष मोरध्वज वर्मा, सचिव हितेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जोरातराई में गुरु घासीदास जयंती और लोककला समारोह का आयोजन



**उतई।** संत गुरुघासीदास के बताए रास्ते से आज लोगों के जीवन में सुधार हो रहा है। उसके साथ ही लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे है, उनके बताये रास्ते सत्य बोलना और चलना, महिलाओं का सम्मान करना ज्यादा कारगार है। उक्त बातें जोरातराई में आयोजित संत गुरुघासीदास जयंती एवं लोककला महोत्सव के दौरान बतौर अध्यक्षता कर रहे पवन बंजारे ने कहीं। वहीं कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। उन्होंने बाबा को नमन करते हुए समिति के कार्यों को अनुकरणीय बताते हुए जयंती की बधाई दी। विशेष अतिथि तरुण बंजारे ने कहा कि बाबा के बताये संदेश आज भी महत्वपूर्ण है। महापौर शशि सिन्हा ने आयोजन समिति द्वारा मांगें को पूरा करने का आश्वासन दिया। मंच को जनपद पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़ ने भी सम्बोधित किया। मंच संचालन बीरेंद्र टंडन एवं आभार प्रदर्शन भेम शंकर टावरे ने किया। सेवनिवृत्त शिक्षक शंकर लाल देशलहरे, बिमला ठाकुर, मधुरानी सरकार सहित शिक्षक मनोज कुमार पटेल, बीरेंद्र टंडन, तीजु राम देशलहरे, केयरभूषण साहू, सहित अन्य शिक्षकों का सम्मान आयोजन समिति द्वारा किया। वहीं लोककला महोत्सव में राउत नाचा, फाग गीत, चौका आरती, पंडवाणी, लोकझंकार, पंथी जैसे पारम्परिक कलाओं का लोगों ने लुप्त उठाया। आयोजन समिति के अध्यक्ष भेमशंकर टावरे, मनोज बंजारे, तोषण जोशी, कमल रात्रे, राजेश रात्रे, मदन गोपाल बंजारे, लखनु राम सोनवानी, मोतीलाल लहरिया सुरेश कुर्रे, मोहन चतुर्वेदी, खेलन दास, चित्रकला देशलहरे, गजरा बाई, द्रोपती बंजारे रंजीत सिँह, मिलाउ राम, गंगाधर डहरिया सहित आदि शामिल थे।

### स्काई इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**धमधा।** स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा के छात्र जयदीप देवांगन कक्षा चौथी और शाश्वत पटेल कक्षा पांचवी ने नॉर्थ कैंपस दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित यूसी मास (अबेकस) राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2024 में भाग लिया। इस प्रतिस्पर्धा में देश एवं विदेश के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जहाँ उन्होंने अपने अभूतपूर्व प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन किया और सम्पूर्ण भारत वर्ष में तीसरा स्थान प्राप्त किया जो कि स्कूल धमधा व दुर्ग जिले क लिए गौरव की बात है। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर चेयरमेन संकेत जैन, संरक्षक सुनीता जैन एवं प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य सहित सम्पूर्ण स्टाफ ने शुभकामनाये दी है। विद्यार्थियों ने अपनी कामयाबी के लिए अपने शिक्षिका अंजली व ख़ुशी के प्रति आभार प्रकट किया।

### शासकीय महाविद्यालय धमधा में हुई बैठक

**धमधा।** चंदूलाल चंद्राकर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा की जन भागीदारी समिति की संयुक्त बैठक सोमवार को सभागृह में बृजेंद्र दानी अध्यक्ष महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ .उषा किरण अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉक्टर जीडीएस बग्गा प्रभारी जन भागीदारी समिति ने नए प्राचार्य का परिचय समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने महाविद्यालय की विकास यात्रा को उल्लेखित करते हुए निम्नांकित लक्ष्यों की ओर ध्यान आकर्षित किया। शासकीय महाविद्यालय धमधा को पीजी महाविद्यालय बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाएंगे, समाजशास्त्र में प्राध्यापक तथा वाणिज्य में सहायक प्राध्यापक पद की आवश्यकता है। ग्रंथपाल, प्रयोगशाला तकनीशियन एवं प्रयोगशाला परिचायक, चौकीदार की रिक्त पदों में नियुक्ति की आवश्यकता है। महाविद्यालय की भूमि एवं संपत्ति की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल की आवश्यकता है। समिति द्वारा टेराकोटा एवं व्यक्तित्व विकास की 30 घंटे वाली कार्यशाला आयोजित करने की अनुमति दी गई। वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं विनाइल सुविधा की भी सहमति दी गई है। इस अवसर पर समिति के प्रमुख सदस्य सामर्थ ताम्रकार, नवीन जैन, रति मार्कण्डेय, प्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति रही। सामर्थ ताम्रकार एवं नवीन जैन ने महाविद्यालय के विकास में हर संभव सहयोग देने की बात कही।



## भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष बने शीतला





**उतई।** भारतीय जनता पार्टी के निर्वाचन अधिकारी के द्वारा भाजपा उतई मंडल के अध्यक्ष की घोषणा कर दी गई है। भाजपा ने इस बार मंडल अध्यक्ष कि जिम्मेदारी महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर को सौंपी हैं। मंडल अध्यक्ष की घोषणा होते ही सभी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर जिला प्रभारी राजवी अग्रवाल, जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, जिला मंत्री रोहित साहू, महामंत्री सुरेंद्र कौशिक आदि उपस्थित थे।

### खोला में मनाए गए घासीदास जयंती



**जामगांव आर।** संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं मंडई मिलन समारोह ग्राम बासीन में मनाया गया। मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, बिमला बालाराम कोसरे सभापति जपं, अमित अग्रवाल सहसचिव ब्लॉक कांग्रेस, सोहन जोशी जोन प्रभारी ने संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की पूजा-अर्चना कर बोले सत्य मार्ग में ही सुख है। इस अवसर पर विष्णु डहरे, नरेंद्र नवरंगे पूर्व सरपंच, रेवती साहू सरपंच, शीतल कोठारी, शिवकुमार आदि उपस्थित थे।





घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## बिजनेस साइट

### उदय महाविद्यालय में हुआ नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई में शनिवार को महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उदय महाविद्यालय एवं भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी एम्पलाई एसोसिएशन भिलाई तथा सतमयी सुभियाबाई सतनामी जनकल्याण समिति की संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मुख्य अतिथि संदीप माथुर मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन बीएसपी, विशिष्ट अतिथि जेएन ठाकुर महाप्रबंधक आईआर एवं माइन्स बीएसपी, रोहित हरित सहाप्रबंधक आईआर एवं माइन्स बीएसपी ने नशा के खिलाफ जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया। तत्पश्चात नशा खिलाफ लघु संगोष्ठी का आयोजन उदय महाविद्यालय सभागार में मुख्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत बैंच एवं पुष्पभुज के साथ हुआ। बीएड प्रथम सेमेस्टर से चंचल, दीपा मिश्रा, अनुराधा, पंकज, दानेश्वर, ताराचंद, भाषण एवं कविता के माध्यम से अपने विचार रखें। राष्ट्रीय विश्वकर्मा पुरूस्कार से सम्मानित सत्यनारायण मेहर ने स्लाड शो के माध्यम से नशा के कारण एवं नशा मुक्ति का निवारण के बारे में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कहा नशा आज की युवा पीढी के लिए गंभीर समस्या बन गई हैं। इससे जीवन बर्बाद हो रहा है। विशिष्ट अतिथि ने कहा नशा के खिलाफ बात करना तभी संभव है जब स्वयं नशा नही किया हो उम्र के इस पड़ाव में नशा को हाथ नही लगाया। इस महामारी से जागरूकता ही बचाव है। भिलाई इस्पात संयंत्र एससी/एसटी एम्पलाई एसोसिएशन भिलाई के अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने नशा को समाजिक बुराई कहा। कार्यक्रम में संगठन के कार्मचारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्याक्ष वेदप्रकाश सूर्यवंशी महासचिव विजय कुमार रात्रे, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, उत्तम मंडावी, महाविद्यालय के शिक्षकगण सहा. प्राध्यापिका डॉ. कलावती राव, डॉ. प्रभा साहू, डॉ. नीलम चौहान, डॉ. हेमंत जैन, प्रभा प्रसाद, पूर्णिमा साहू, रंजना त्रिपाठी, खूशबू वर्मा, रेश्मी बानो, अनिता साहू आदि उपस्थित थे।

Health Town
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अभय अध्यक्ष व आशीष महामंत्री निर्वाचित

**भिलाई।** मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) की केंद्रीय कार्यसमिति का चुनाव रविवार को इंटक के राष्ट्रीय महासचिव डां. संजय कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अभय सिंह अध्यक्ष व आशीष यादव महामंत्री निर्वाचित हुए। इंटक के प्रदेश महासचिव वंश बहादुर सिंह चुनाव अधिकारी थे पर्यवेक्षक इंटक के संजय साहू व जिला अध्यक्ष पूरन वर्मा थे। चुनाव अधिकारी यूनियन महासचिव वीबी सिंह थे। उपाध्यक्ष विनोद कश्यप, एके सिंह, तिलकराम मानकर, चंद्र कुमार मंडावी तथा राजेश कुमार सिंह तथा सचिव भूपेंद्र दिल्लीवार, सुरेश गुप्ता, चिन्नास्वामी, मन्नालाल मेश्राम, प्रवीण,कोषाध्यक्ष अरविंद,संगठन सचिव पद पर सुनील तालुकदार, राकेश लाल, प्रदीप गोलदार चुने गए। वीबी सिंह ने बचेली शाखा के भूतपूर्व अध्यक्ष देबाशीष पॉल और दल्लीराजहरा शाखा केपूर्व सचिव का शॉल और स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संजय सिंह ने मेटल माइंस सेक्टर में निजीकरण, आउटसोर्सिंग, एमडीओ मेंबढ़ती ठेका प्रथा जैसी चुनौतियों का सामना करने व ठेका श्रमिकों के नियमितीकरण के लिए रणनीति बनान का आव्हान किया।

## 50 साल पुरानी सीवेज और पेयजल लाइन बदलने की दरकार

# भिलाई संयंत्र की तरह टाउनशिप का हो कायाकल्प, जर्जर आवास मांग रहे मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पचास साल से अधिक पुरानी हो चुकी बीएसपी टाउनशिप के अब कायाकल्प की जरुरत है। कालोनी के वर्षो पुरानी होने और नियमित मेंटेनेंस नहीं होने से बुनियादी सुविधाओं की बदहाली के चलते हजारों रहवासी बीएसपी कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनों ने भिलाई इस्पात संयंत्र की तर्ज पर टाउनशिप के भी रिनोवेशन की मांग की है। चौदह सेक्टरों फैली टाउनशिप का निर्माण भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के बाद साठ से सत्तर के दशक के दौरान किया गया। इसके करीब साठ साल पुराने होने के कारण अब बुनियादी सुविधाएं बैठने लगी हैं। आवासीय, सीवेरेज व पेयजल लाइन, सफाई,स्कूल, असपताल, हेल्थ सेंटर, इस्पात क्लब, क्रास स्ट्रीट ( अंदरुनी सड़कें), मार्केट्स आदि सुविधाएं और इनके भवन आवासों की तरह जर्जर हो रहे हैं। बीस साल पुरानी टाउनशिप में बुनियादी सहूलियतें चरमराने से रहवासियों की दिक्कतें बढ़ रही हैं। इसे देखते हुए बीएसपी की तरह अब टाउनशिप के भी रिनोवेशन किए जाने की मांग हो रही है। उल्लेखनीय है कि साठ पुराने हो चुके भिलाई इस्पात संयंत्र का फेस टू के तहत 2017 में आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण कर आधा कायाल्प किया जा चुका है। इससे संयंत्र की उत्पादन, उत्पादकता के साथ लाइफ भी बढ़ गई है। फेस थ्री के एक्सपांशन प्रोजेक्ट की भी तैयारी है। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि बीएसपी की तरह टाउनशिप का भी मेंटेनेंस कर रिनोवेट किए जाने की जरुरत है, ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को परेशानी न हो।

### बीएसपी की तरह टाउनशिप हो रिनोवेट

“ जिस तरह पचास साल पूर्व स्थापित बीएसपी को एक्सपांशन प्रोजेक्ट फेस टू पूर्ण कर आधुनिक किया गया, उसी तरह बुनियादी सुविधाओं की बदहाली से जूझ रही टाउनशिप के भी कायाकल्प की जरुरत है। पेयजल, सीवेज लाइन सहित सेक्टर नौ हास्पिटल को भी पहले की तरह सुविधायुक्त किए जाने की जरुरत है। इससे मेहनतकश कार्मियों को राहत मिलने से उनका हौसला बढ़ेगा।

**विनोद कुमार सोनी,** महासचिव, एटक



### हेल्थ, एजूकेशन और इस्पात क्लब हों रिनोवेट

टाउनशिप में पिछले दो दशकों के दौरान चिकित्सा, चिकित्सा आदि सुविधाओं में गिरावट आई है। सेक्टर नौ हास्पिटल सहित हेल्थ सेंटररे चिकित्सा सुविधाओं और डाक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ व दवाइयों आदि सभी सुविधाओं के मामले में परिपूर्ण थे। जेएलएन अस्पताल डाक्टर, पैरामेडिकल व चिकित्सा सेवा तंगहाली की समस्या से जूझ रहा है। आधा दर्जन हेल्थ सेंटर बंद हो चुके हैं। इस्पात क्लब के भवन भी जर्जर होने से कर्मियों की आयोजनों के दौरान परेशानी होती है। नेहरु सांस्कृतिक सदन जर्जर है व नाट्य आयोजन कम हो चले हैं। इसी तरह 1980 में सौ से अधिक बीएसपी स्कूल आज मात्र 14 स्कूल बचे बचे हैं। इन सभी सुविधाओं को नए सिरे से अपडेट किए जाने से बीएसपी को अपने पसीने से कीर्तिमानी सफर पर ले जाने वाले कर्मचारियों को राहत से मनोबल बढ़ेगा।

### जर्जर हुए आवासीय ब्लाक व सड़कें

टाउनशिप के आवासीय ब्लाक जर्जर हो चुके हैं। अधिकतर सेक्टरों में इन क्वार्टरों की दीवारें, स्लैब, खिड़की दरवाजे, वायरिंग, स्विचबोर्ड, मीटर टूटफूट होन के साथ टायलेट बाथरुम जाम की शिकायत बनी रहती है। बारिश में सीपेज स्थाई समस्या हो चली है। ऐसे सौ से अधिक जर्जर ब्लाकों को प्रबंधन ढहा भी चुका है। यूनियनें 50 साल के विकास के दौरान परिवार का घरेलू सामान वृद्धि को देखते हुए थ्री बीएचके टाइप बड़े आवासों के निर्माण की मांग लगातार कर रहे हैं। इसी तरह प्रमुख सड़कें व चौक की तरह जर्जर क्रास स्ट्रीटों का भी डमारीकरण की जरुरत है। सीवेज व पाइप लाइन 50 साल पुरानी होने से गंदा पानी की समस्या दो साल बनी रही। पाइप लाइन बदलने की मांग की गई जा रही है। एक अरब की लागत से बेकलेन सुफाई योजना लंबित है। सभी को रिनोवेट किए जाने की जरुरत है।

## अटल जयंती पर लोकांगन में फ्री बनेगा लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर वैशाली नगर स्थित लोकांगन में फ्री लर्निंग ड्रायविंग लाइसेंस का एक दिवसीय शिविर विधायक रिकेश सेन के द्वारा लगवाया जा रहा है जिसमें सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक वैशाली नगर विधानसभा के रहवासी जिनके पास ड्राइविंग लायसेंस नहीं है वो शिविर में पहुंच कर टू व्हीलर के लिए निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस बनवा सकेंगे। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि आजकल बहुत से युवा, स्कूल कालेज विद्यार्थी आने जाने के लिए दुपहिया वाहनों का प्रयोग अवश्य करते हैं मगर उन्होंने अब तक लायसेंस नहीं बनवाया है। फ्री लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए अटलजी की जयंती पर लोकांगन में 25 दिसंबर को शिविर लगाया जा रहा है जिसमें वैशाली नगर विधानसभा के रहवासी पहुंच कर लर्निंग लाइसेंस अवश्य बनवाएं। श्री सेन ने बताया कि परिवहन विभाग के अधिकारी टीम सहित इस शिविर में मौजूद रहेंगे। इच्छुक लोग अपना निःशुल्क पंजीयन करवा कर लर्निंग लाइसेंस शिविर से प्राप्त कर सकेंगे। जिन्हें लर्निंग लाइसेंस बनवाना है उनको परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित दस्तावेज के साथ सुबह 9 बजे बुधवार 25 दिसंबर को वैशाली नगर लोकांगन परिसर स्थित शिविर में 8वीं, 10वीं की मार्क शीट या पैन कार्ड (तीनों में से कोई एक), आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड (दोनों में से कोई एक) तथा एक पासपोर्ट साइज़ फोटो (अगर हो तो) लेकर पहुंचना होगा। विधायक रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधानसभा के सभी सुधि निवासियों से अपील की है कि सड़क पर वाहन चलाते समय वो यातायात नियमों का पालन अवश्य करें तथा जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है शिविर में पहुंच कर लर्निंग लाइसेंस अवश्य बनवा लें।



- वैशाली नगर विधानसभा निवासियों के लिए विधायक रिकेश का एक और अद्भुत प्रयास

### ट्रैफिक पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान जलती बाइक को बुझाया

**भिलाई।** मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान एक जलती बाइक को बुझाने का प्रयास किया। यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋचा मिश्रा ने बताया कि आज यातायात भिलाई 03 जोन प्रभारी बोधिराम धीरहे अपने हमराह के साथ अपने जोन क्षेत्र के अमलेश्वर सकरा मार्ग पर पेट्रोलिंग करते समय एक राहगीर के द्वारा सूचना दिया कि ग्राम सकरा के गार्डन के बाहर खड़े एक बाईक में आग लग गयी हैं जिसपर तत्काल पहुंच कर अन्य बाईक को जलने बचाने हटाया गया और जलती हुई बाइक को बुझाने का प्रयास किया गया, तत्पश्चात अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना अमलेश्वर को सूचना देकर बाइक को पेट्रोलिंग के सुपुर्द किया गया।

## पीसीसी अध्यक्ष ने विधायक देवेंद्र से जेल में की मुलाकात



**भिलाई।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की एवं हाल-चाल जाना ,बैज ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है जल्द ही विधायक देवेंद्र यादव हमारे बीच होंगे।

### 1 साल में पूरी तरह फेल है साय सरकार

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा की साय सरकार पूरी तरह फेल है, बलौदा बाजार हिंसा इंटेलिजेंस फेल्यर के कारण हुआ है सरकार सतनामी समाज की युवाओं को प्रताड़ित करने के लिए जेल में बंद करके रख रही है और आज तक गिरफ्तार कर रही है, हम डरने वाले नहीं है लगातार समाज की साथ खड़े हैं और विधायक देवेंद्र यादव मजबूत है और मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। एक साल में वह कुछ कर ही नहीं पाई है, अराजकता अपने चरम पर है, सरकार भ्रष्ट है महतारी वंदन के नाम से सनी लियोन को पैसा दे रही है।

## मना शहीद वीर नारायण का शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



ग्राम गनियारी वार्ड 40, में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के द्वारा आदिवासी समाज के पुरोधा, छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मना। इस दौरान मुख्य अतिथि अहिवारा विघायक डोमन लाल कोर्सेवाडा थे। अध्यक्षता आदिवासी समाज गनियारी अध्यक्ष रिखीराम शोरी ने किया। विशिष्ट भिलाई चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, भाजपा जिला भिलाई महामंत्री प्रेमलाल साहू, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र कोसरे मौजूद थे। विधायक कोर्सेवाडा ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में शहीद वीर नारायण सिंह का विशेष योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ की माटी की सेवा के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी है। श्री कोर्सेवाडा ने समाज को सर्व सुविधा युक्त भवन देने का घोषणा भी किया। समाज की महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाल कर गांव का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल में पहुंचे। समाज के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत दी। प्रतिभाओं व कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुरानिक ठाकुर और आभार बसंत कुमार ठाकुर ने किया। समारोह में पूर्व पार्षद लता ठाकुर, हीरा सिंह ठाकुर, चोवा राम ठाकुर, विक्रम सिंह ठाकुर, अजय ठाकुर, संतोष ठाकुर, द्वारिका ठाकुर, बेबी ठाकुर, यशोदा ठाकुर, तुलसा ठाकुर समेत अन्य लोग शामिल थे।

- समाज के प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## साहित्यिक बुलेटिन मुक्तकंठ का किया लोकार्पण



**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में मुक्तकंठ साहित्य समिति द्वारा प्रकाशित मासिक साहित्यिक बुलेटिन मशहूर शायर कवि व मुक्तकंठ साहित्य समिति के संरक्षक रहे मरहूम शेख निजाम राही के व्यक्तित्व तथा उनकों रेखांकित करते हुए दिसंबर अंक का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण एवं काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम भिलाई निवास काफी हाउस के मल्टीपरपस हॉल में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बेटी बचाओ मंच की दुर्ग डिस्ट्रिक अध्यक्ष व डिस्ट्रिक्ट लीनेस क्लब के वाइस प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि आईडीएफसी फस्ट बैंक दुर्ग के मैनेजर आदित्य सोमवंशी, मुक्तकंठ साहित्य समिति के प्रधान संरक्षक कैलाश कुमार जैन बरमेचा, कवि रौनक जमाल, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिक्केवाल रहें। अध्यक्षता मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष व साहित्यकार गोविंद पाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन मुक्तकंठ साहित्य समिति के सचिव सीए भूषण चिपड़े ने किया। मुख्य अतिथि रश्मि अग्रवाल का स्वागत मुक्तकंठ साहित्य समिति के महिला सदस्यगणों ने शाल ओढ़ाकर पुष्प गुच्छ व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि आदित्य सोमवंशी का सम्मान समिति के अध्यक्ष व महासचिव तथा प्रधान संरक्षक कैलाश बरमेचा ने श्रीफल देकर सम्मानित किया।




## नए मंडल अध्यक्ष आभार जताने पहुंचे



**भिलाई।** भाजपा भिलाई तीन मंडल अध्यक्ष वरुण यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ सांसद विजय बघेल, विधायक राजमहंत डोमनलाल कोसेवाड़ा, भिलाई जिलाध्यक्ष महेश वर्मा से मुलाकात कर मिली जिम्मेदारी के लिए आभार जताया है। सांसद विजय बघेल ने कहा की पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ को साथ लेकर चलना है। उन्होंने वरुण यादव को मिले जिम्मेदारी को ईमानदारी के साथ निर्वहन करने को कहा है। विधायक कोर्सेवाड़ा ने भी कुशल नेतृत्व निष्पक्ष समन्वय के द्वारा संगठन को संचालित करने की बात कही है। इस दौरान पूर्व नपा अध्यक्ष शशिकांत बघेल, तोरण सोनी , श्याम सुंदर जायसवाल, सुनील मिश्रा, तेजस पाल, रूपेंद्र यादव, तुलसी धुव, बालमुकुंद वर्मा, अजय साहू, अभिषेक शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।












हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 25 दिसंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



अर्चना की हरियाली


## लाइव इवेंट

### 14 विधाओं में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन, देश के 27 विश्वविद्यालयों ने लिया था हिस्सा



**भिलाई।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली द्वारा आयोजित 38वां साउथ ईस्ट जोन फेस्ट क्राइस्ट विश्वविद्यालय बैंगलोर में 19 से 23 दिसंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से 14 विधाओं में विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता देते हुए छत्तीसगढ़ की लोक कला नृत्य जनजातीय समाज की संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। फेस्ट में भारत के 27 विश्वविद्यालयों ने हिस्सा लिया था। जिसमें लोक नृत्य में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास के पन्नों में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। विश्वविद्यालय के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस फेस्ट में हिस्सा लिया जाता है, जिसमें पहली बार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने अपना स्थान पक्का किया। अब लोक नृत्य की यह पूरी टीम नेशनल फेस्ट जो कि दिल्ली में 3 से 7 मार्च 2025 को होने जा रहा है उसमे सम्मिलित होगी। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धी पर पूरा विश्वविद्यालय हर्ष का माहौल है। इसी तरह ओवरऑल डांस प्रदर्शन में भी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय तृतीय स्थान पर रहा हैं। इसी तरह मेहंदी प्रतियोगिता में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। विजेता टीम के सभी प्रतिभागी साइंस कॉलेज दुर्ग के विद्यार्थी हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर बधाई दी।

- भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली द्वारा आयोजित 38वां साउथ ईस्ट जोन फेस्ट।



● मध्य रात्रि शुरु हुआ बधाइयों का सिलसिला, आज सुबह से चर्च में होंगे आयोजन

# प्रभु यीशु के स्वागत में रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाए चर्च मिड नाइट हुई क्रिसमस की विशेष प्रार्थना, आज होगा सेलिब्रेशन

प्रभु यीशु के जन्मदिवस पर आज क्रिसमस पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दिन को सेलिब्रेट करने ट्विनसिटी के सभी चर्च में विशेष तैयारियां की गई हैं। प्रमुख गिरजाघरों को रंग-बिरंगे लाइटों व मालाओं से एक दिन पहले ही सजा लिया गया था। क्रिसमस को लेकर ट्विनसिटी के सभी चर्चो विशेष तैयारियां की गई हैं। जिसमें सेंट मैरी चर्च, क्रिश्चन कम्युनिटी चर्च, कैथोलिक चर्च सेक्टर 6, मार्थोमा चर्च, होसन्ना चर्च सेक्टर 7, चर्च ऑफ गॉड सुपेला, सालेम चरोदा, ज्योति चर्च चरोदा, डीडीसी चर्च खुर्सीपार में आज प्रभु यीशु के जन्म पर विशेष प्रार्थना की जाएगी।



### क्रिसमस ट्री सजाकर करेंगे प्रभु यीशु का स्वागत

प्रभु यीशु के स्वागत के लिए रंगबिरंगी रोशनी से 20 से अधिक चर्च रोशन किए गए हैं। हर साल की तरह सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में हजारों लोग शामिल होंगे। क्रिसमस की खुशी को खास बनाने के लिए मसीही समाज के युवा पटाखों से धूम मचाएंगे। प्रार्थना सभा में ज्यादा से ज्यादा लोग फैमिली के साथ शामिल हो सकें, इसके लिए सभी चर्चों में व्यवस्था बनाई गई है। चर्च कैंपस अब विभिन्न तरह की रंगीन लाइटों से रोशन है। इस तरह का प्रयास युवाओं को परमात्मा द्वारा दिए गए संदेश से जोड़ने के लिए हर क्रिसमस पर करते हैं।

### रात 10 बजे से शुरू हुआ उत्सव

सेंट जोसेफ कैथलिक चर्च सेक्टर 6 में क्रिसमस की तैयारी पूरी की गई है। मंगलवार रात के 10.30 बजे लगभग सभी चर्चों में आराधना शुरू होगी। मध्यरात्रि में परमात्मा का जन्म होने पर फादर बालक यीशु के प्रतिरूप को लेकर लोगों के समक्ष होंगे। इसके साथ ही प्रार्थना सभा मैरी क्रिसमस से गुंजायमान होगी। लोग खुशी मनाते हुए इस बार आतिशबाजी भी करने वाले हैं। आधी रात को केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को उत्सव का रूप दिया जाएगा। यह सिलसिला रात डेढ़ बजे तक इस बार चलेगा।

### प्रभु के जन्म से पहले किया कंफेशन, गलतियों की मांगी क्षमा,

सेंट जोसेफ कैथलिक चर्च सेक्टर 6 के सदस्य ए अविनाश एंथोनी ने बताया कि



क्रिसमस के पहले चर्च में सभी लोग जाकर खुद के द्वारा अब तक की गलतियों को बताकर प्रभु से क्षमा प्रार्थना करते है। जिसके बाद वे पवित्र होकर क्रिसमस की मिड नाइट पूजन विधि में शामिल होते है। चर्च में मंगलवार की रात 10 बजे से सभी लोग एकत्रित हुए। साढ़े दस बजे क्वायर ग्रुप प्रभु यीशु के आगमन के लिए कैरोल गीत गाया। प्रभु के जन्म के लिए युवा ग्रुप ने चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया है। जिसमें प्रभु के जन्म स्थल गौशाला को भी नए रुप में सुंदर बनाकर डेकोरेट किया है। रात ठीक 12 बजे प्रेम व शांति का संदेश देने प्रभु यीशु का जन्म का उत्सव मनाया जाएगा। जिसके पहले मिड नाईट की पूजन विधि चर्च के रेविरेंट फादर साबू और असिसेंट फादर विकास कूजूर के सानिध्य में विशेष पूजन विधि संपन्न कराई जाएगी।



### सांता क्लॉज बन बांट रहे चाकलेट

हर दल में सांता क्लॉज भी बने है, जो समाज के घर या कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के बीच पहुंच रहे है और आज भी जगह-जगह दिखाई देंगे। कैरोल गायन के बाद आसपास रहने वाले बच्चों और परिवार के लोगों को खुशी का इजहार करते हुए चॉकलेट और गिफ्ट भी जाकर देंगे। इस बार भी करीब एक हजार से ज्यादा परिवारों के बीच परमात्मा के आने की खुशी बांटने का लक्ष्य है। समाज के लोग हर क्षेत्र में रहते हैं। इसे देखते ज्यादा से ज्यादा परिवारों के बीच खुशी जाहिर करने गायन दल पहुंचेगो।



### आज सभी चर्चों में होगी विशेष सभा

शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाके के चर्च में भी उत्सव मनेगा। मंगलवार की रात ही नहीं, बल्कि बुधवार सुबह भी सभी चर्चो में विशेष प्रार्थना होगी। यह उन लोगों के लिए खास होता है, जो लोग क्रिसमस की रात होने वाली प्रार्थना का हिस्सा वहीं बन पाते हैं। इसमें प्रभु ने मानव कल्याण के लिए जो रास्ता दिखाया है, उसे पादरी द्वारा प्रार्थना सभा में लोगों को बताया जाएगा। इसके साथ कई चर्चों में कैरोल सिंगिंग होगी।

# सायकिल रैली निकालकर बताई सरकार की गतिविधियां, किया नुक्कड़ नाटक

**भिलाई।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष की गतिविधियों और योजनाओं को प्रचारित और प्रसारित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में 11 दिवसीय आयोजन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। इस दौरान योजनाओं को प्रसारित करते हुए विद्यार्थियों द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। महतारी वंदन योजना, अयोध्या धाम यात्रा योजना, गरीब परिवारों को आवास, आदिवासियों को दी गई सुविधाओं सहित अनेक नारों के माध्यम से सुशासन के एक साल की अवधि को जीवंत किया गया।

विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न योजनाओं के लिए भाषण, परिचर्चा, संगोष्ठी का आयोजन भी हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने सभी योजनाओं पर अपने विचारों को साझा किया। इसके साथ ही इन योजनाओं पर विभिन्न दिनों में रंगोली, पोस्टर, निबंध, का आयोजन भी हुआ।




राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड नाटक का आयोजन कर के वाह वाही लूटी। सभी कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई भी दी। नीता कुंभारे ने विद्यार्थियों को परिचर्चा के दौरान सभी योजनाओं को समझाया। वही रा से यो प्रभारी चेतना सोनी ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी अपने अपने गाँव मे प्रसारित करने को कहा। सभी गतिविधियों के दौरान महाविद्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

# सुधांशु महाराज आध्यत्मिक सत्संग 2 जनवरी से, कथा स्थल का हुआ भूमिपूजन

**भिलाई।** नए वर्ष 2025 के शुभारंभ में ही धार्मिक नगरी दुर्ग-भिलाई में सुधांशु महाराज का आगमन हो रहा है। नए साल में 2 जनवरी से 5 जनवरी तक जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर के समीप मैदान में सुधांशु महाराज के सानिध्य में शिव ज्ञान गंगा महोत्सव मनाया जाएगा। गुरुवार 2 जनवरी से 5 जनवरी तक सुधांशु महाराज के शिव ज्ञान गंगा महोत्सव में होने वाले प्रवचन के लिए मंगलवार को जयंती स्टेडियम के सामने स्थित मैदान में भव्य पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सुधांशु महाराज के साधक उपस्थित थे। आयोजक मंडल के प्रमुख चमन बंसल एवं जयशंकर अग्रवाल ने बताया कि कल से पंडाल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सांसद एवं विधायको सहित आने वाले अति विशिष्ट लोगों के मद्देनजर फोटोकोल को ध्यान में रखते हुए पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।



## सिटी इवेंट

### पर्यावरण और वन्य जीव संरक्षण का बच्चों ने दिया संदेश, पारंपरिक भाजियों से सजी थाली



**भिलाई।** महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने वाली संस्था उड़ान नई दिशा ने अपना पांचवां स्थापना दिवस भिलाई के मैत्री गार्डन में मनाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का थीम पर्यावरण और पशु-पक्षी संरक्षण रखा गया था। स्थापना दिवस को सेलिब्रेट करने महिलाओं के लिए छत्तीसगढ़ की भाजियों से बने व्यंजन तथा सलाद सजाओ प्रतियोगिता की गई, तो वहीं बच्चों के लिए पर्यावरण थीम पर ड्राइंग प्रतियोगिता तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में वन्य जीव तथा पेड़-पौधे बनकर बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को लेकर महिलाओं और बच्चों में गजब का उत्साह दिखा।

इस अवसर पर डॉ नवीन कुमार जैन महाप्रबंधक उद्यानिकी नगर सेवाएं, प्रोफेसर गजेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। निर्णायक की भूमिका में सुनीता वर्मा, सुमी, सुचित्रा गुप्ता, मनिमय मुखर्जी ने अपनी पारखी नजरों से जजमेंट किया। संस्था की संस्थापक निधि चन्द्राकर ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि चूंकि इस बार का थीम पर्यावरण एवं पशु पक्षी संरक्षण है तो हम लोगों ने भिलाई-दुर्ग में इस दिशा में विशेष कार्य करने वाली संस्था को सम्मानित किया। बच्चों में पर्यावरण और पशु पक्षी के लिए हमारा क्या कर्तव्य है ये बताने कि कोशिश की गई। निधि चन्द्राकर ने संस्था के कार्यों के बारे में सभी अतिथियों को अवगत कराया। उपाध्यक्ष दिपाली मिश्रा ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।




नयी तरंग फैशर पार्टी में सीनियर और जूनियर के बीच मिटी दूरियां

# फैशर पार्टी में सीनियर और जूनियर ने किया भारतीय परिधान साड़ी को प्रमोट, मिस फ्रैशर, अट्रैक्टिव और मिस डायनेमिक का मिला खिताब

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा बी.एड.प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी नयी तरंग का आयोजन भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने भारतीय नारी की पहचान साड़ी में शिरकत कर देश की संस्कृति व परंपरा को दिखाया। नयी तरंग के इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस फ्रेशर का खिताब भूमि साहू को दिया गया।





**भिलाई।** इस आयोजन में भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या मदन मोहन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ साथ अपने मूल्यवान संस्कृति और उच्च सामाजिक व नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करने कहा। उन्होंने फ्रेशर विद्यार्थियों को अनुशासन व लगन के साथ मुकाम हासिल करने की बाते कही।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मोहना सुशांत पंडित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जो शिष्य अपने गुरुओ के प्रति सम्मान का भाव रखते हैं वे अपने जीवन में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहते है।कार्यक्रम का संचालन बी.एड.तृतीय सेमेस्टर की छात्रा लालिमा रेड्डी एवं बबीता शर्मा ने किया।

### सीनियर स्टूडेंट ने दी नृत्यों का प्रस्तुती

कार्यक्रम में बी.एड. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी। एकल नृत्य लालिमा रेड्डी, वेणुका, ख़ुशबू, समूह नृत्य में पूजा श्रीवास्तव, स्नेहा सिंह, धारिणी साहू, पूजा साव, पूजा सेन, मेघा ठाकुर, दिव्या खैरवार, प्रथम सेमेस्टर से हेमलता राजहंस, ख़ुशबू पटेल, वीणा टंडन, शिवानी, मेघा सहित अन्य छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी।

### छात्राओं में दिखा उत्साह

कार्यक्रम में मिस ईव गीतांजली साहू, मिस दिवा ख़ुशबू, मिस अट्रैक्टिव काजल सुधाकर, मिस डायनैमिक प्रियंका सिंग, मिस फ्रेशर भूमि साहू को मिला। इस आयोजन में बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आभार प्रदर्शन कोमल सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ.हेमलता सीदार, डॉ.भावना चौहान, नाज़नीन बेग, आशा आर्य, सत्यम मिश्रा और शकीबा का योगदान रहा।

सिटी इवेंट

## सुवा, ददरिया और करमा नृत्य करते आज निकलेगी शोभायात्रा

■ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग का आयोजन

**भिलाई।** हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग माँ विंध्यवासिनी (शारदा माता) मंदिर सेक्टर 1 से पूजा अर्चना के बाद समाज के अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र के अध्यक्षता में माई दंतेश्वरी की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा मे अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा, छग आदिवासी हल्बा समाज, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, कार्यकारिणी मातृ शक्ति, युवा शक्ति सहित सामाजिक जनों के साथ आराध्य देवी मां दन्तेश्वरी की भव्य शोभायात्रा सेक्टर- 1 2,4,5,6,7, ग्लोब चौक से कृष्णा टाकीज रोड होते हुए शक्ति भवन आशीष नगर रिसाली पहुंचेगी। शोभा यात्रा का स्वागत सेक्टर 4 चौक, सेक्टर 5-6 चौक, ग्लोब चौक रिसाली चौक मे किया जायेगा। शोभायात्रा में आदिवासियों के आराध्य देव आंगा देव, डांग डोरी के साथ, धनकुल, सुवा, ददरिया और करमा का प्रदर्शन किया जायेगा। ऊर्जा का प्रतीक भव्य जयोति कलश यात्रा बंसी लाल गाँवरे के निवास रिसाली सेक्टर से निकलकर सेंट थॉमस कालेज चौक में बाजे गाजे के साथ शोभा यात्रा में शामिल होगा। शोभा यात्रा का समापन हल्बा शक्ति भवन में होगा। छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग के पदाधिकारी चिंता राम ठाकुर उपाध्यक्ष, ईश्वर भंडारी महासचिव, मदन करभाल सचि छन्नू भूआर्य सह सचिव, भूषण गांवरे कोषाध्यक्ष, कार्यक्रम प्रभारी भूपत भूआर्य, संघठन सचिव करन मानकर, संत चुरेन्द्र शोभा यात्रा प्रभारी के द्वारा शक्ति पर्व महोत्सव की पूरी तैयारी कर लिया गया हैं।

● वार्षिक उत्सव में बच्चों को संयमित और अनुशासन का पालन कर आगे बढ़ने दी सीख

# बीहू, राजस्थानी, भांगड़ा और शास्त्रीय नृत्य में दिखाया विविधता में एकता, ओवरऑल परफॉर्मेंस पर दी ट्राफी

**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल कलेक्टर मुकेश रावटे और केंद्रीय विद्यालय मास्को रूस के हिंदी शिक्षक अजय साहू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अतिथियों द्वारा विद्यालय को शैक्षिक एवं ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दी जाने वाली ट्रॉफी प्राचार्य को सौंपा गया और विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर के सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। जिसमें प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे असम का लोक नृत्य बीहू, दक्षिण भारतीय और शास्त्रीय नृत्य, राजस्थानी और पंजाब का भांगड़ा व गिद्दा पर देश की विविधताओं को एकता के सूत्र में पिरोने का संदेश दिया। उपस्थित जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह वर्धन किया।



### शैक्षिक और नैतिक विकास के लिए हो रहे कार्य




इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक गतिविधियां कराते रहते है। खेलकूद कला कौशल के साथ-साथ एकेडमिक में छात्र-छात्राओं को संपूर्णता के साथ भाग लेने का अवसर दिया जाता है। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक छात्रों के शैक्षिक एवं नैतिक विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। विद्यालय परीक्षा परिणाम के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागिता के लिए हमेशा आगे रहा है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि अभिभावकों को विद्यालय की गतिविधियों में भाग लेते हुए अपने सुझाव और सहयोग से अपने तथा अन्य छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए।



### विद्यालय से प्राप्त मूल्यों एवं गुणों को आगे बढ़ाएं

मुख्य अतिथि मुकेश रावटे ने इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया। विद्यालय को शैक्षिक एवं ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दी जाने वाली ट्रॉफी प्राचार्य को सौंपी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय में पढ़ना खुशी की बात है। हमारे पास प्रवेश के लिए अनेक लोगों के आवेदन आते हैं किंतु केंद्रीय विद्यालय एक पारदर्शी तरीके से नियमों के आधार पर छात्रों को प्रवेश देता है। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक योग्य एवं अनुभवी है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी प्रत्येक विद्यार्थी एवं उनके विभागों को बधाई देता हूं और यह उम्मीद भी करता हूं कि वह केंद्रीय विद्यालय से प्राप्त मूल्यों एवं गुणों का समाज में प्रचार प्रसार करते हुए आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य पुरुषोत्तम साहू, प्रतिष्ठा मिश्रा एवं उषा शर्मा ने किया।



### एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक आकर्षक रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें बिहू डांस, भाषा संगम और विविधताओं में एकता को दर्शाने वाले बाल वाटिका के नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत एक्शन सॉन्ग को बड़ी सराहना मिली। दक्षिण भारतीय नृत्य, राजस्थानी नृत्य, पंजाबी भांगड़ा आदि ने कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति की गई। विद्यार्थियों की तरफ से अंकित सिंह, पलक शर्मा, अनुष्का यादव एवं त्रिशिर ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. अजय आर्य ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ना राज है जिंदगी ना नाराज है जिंदगी। जो कुछ भी है बस आज है जिंदगी। जीवन के हर पल को हर क्षण को उपयोगी बनाने वाला व्यक्ति कभी असफल नहीं होता। कार्यक्रम के अंत में उपप्राचार्य पुष्पा बड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सिटी लाइव

## खिलाड़ियों ने मशाल जलाकर खेल की शुरुआत, किया मार्च-पास्ट



■ वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

**भिलाई।** रुंगटा पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता राजेन्द्र प्रसाद, एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा, निर्देशक साकेत रूंगटा , निर्देशक जवाहर सुरी सेठी, प्राचार्य राजीव कुमार, उप प्राचार्या आनंदित राय चौधरी उपस्थित थे। स्कूल के हेड गर्ल रूविनी पॉल के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद विद्यालय के चारों सदन कलाम सदन, रमन सदन, टैगोर सदन और टेरेसा सदन के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट कर उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया। विद्यालय के राष्ट्रीय विजेता खिलाड़ियों द्वारा मशाल जलाकर खेल की शुरुआत की गई। सभी सदनों के प्रतिभागियों द्वारा शपथ ली गई। इस आयोजन में भिलाई के साथ दुर्ग किड्स शाखा से आए नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल प्रतिस्पर्धाओं में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, और गोला फेंक जैसे खेलों का आयोजन किया गया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं दौड़, लंबी कूद, रिले रेस, भाला फेंक प्रतियोगिता में चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रमन सदन और उपविजेता के रूप में टैगोर सदन ने जीत का परचम लहराया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागियों की मेहनत और खेल की भावना सराहने योग्य है। उन्होंने छात्रों को खेलों के महत्व के बारे में प्रेरणादायक संदेश दिया, जिसमें शारीरिक और मानसिक विकास में खेलों की भूमिका पर जोर दिया गया। संजय रुंगटा ने उपस्थित सभी का उत्साह वर्धन किया। राष्ट्रगान के साथ वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया।

जागरुकता

# किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिए लगाई दौड़, हल, ट्रैक्टर और रन फॉर फार्मर स्टेंडी पर ली सेल्फी

**भिलाई।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर किसानों की खुशहाली, समृद्धि और जागरूकता के लिए धावला फाउंडेशन द्वारा भिलाई में जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल, महाविद्यालयों के साथ विभिन्न संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल और ऑफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। आयोजन का विशेष आकर्षण एक 5 वर्षीय धावक मास्टर अमृत सिंह की दौड़ में स्वैच्छिक भागीदारी रही। उसने परिवार के सदस्यों की देखरेख में सफलतापूर्वक दौड़ पूरी की। इस उपलब्धि के लिए उन्हें विशेष स्वर्ण पदक और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। भिलाई के सिविक सेंटर में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में 25 से अधिक स्कूलों, विभिन्न महाविद्यालयों के साथ एसएसबी, सीआईएफ और बीएसएफ के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दौड़ की थीम रन फॉर फार्मस के माध्यम से लोगों को जानकारी देने की कोशिश की गई कि किसानों के वास्तव में क्या समस्याएं हैं और उनके कल्याण के लिए किस तरह के कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। इस दौरान सांसद ने कहा कि हमारे देश में वर्षों पहले से किसानों को समृद्ध बनाने के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन इस दिशा में अभी भी बहुत कुछ करना शेष है। जब देश का किसान सशक्त और समृद्ध बनेगा, तभी देश का वास्तविक विकास होगा। इस संस्था के द्वारा अभी तीन जिलों दुर्ग, बेमेतरा राजनांदगांव के 42 गांवों में किसानों के कल्याण के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है।





### सेल्फी पॉइंट में खूब होती रही सेल्फी

कार्यक्रम स्थल पर हल, ट्रैक्टर एवं रन फॉर फार्मर स्टैन्डी के साथ सेल्फी प्वाइंट सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सभी धावकों, प्रतिभागियों आदि ने प्वाइंट पर अपनी सेल्फी लेने का आनंद लिया। अतिथियों ने सभी विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर द्वारा धावला फाउंडेशन को भेजे गए संदेश को ईडी एवं सीईओ अनीता झा ने पढ़ा। विजय धवाला, एमडी एवं ग्रुप सीईओ ने मेहमानों, धावकों और अन्य प्रतिभागियों को धन्यवाद देकर समारोह का समापन किया।

## सर्वधर्म संसद में भाग लेकर लौटे मोहम्मद पोप फ्रांसिस से भी हुई मुलाकात



**भिलाई।** वेटिकन सिटी रोम में आयोजित विश्व धर्म संसद में इस्पात नगरी भिलाई निवासी वीके मोहम्मद ने प्रसिद्ध आध्यात्मिक संस्थान शिवगिरी मठ वर्कला केरल का प्रतिनिधित्व किया। इस धर्म संसद में विश्व के 17 देशों से सभी धर्म के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और विश्व शांति में धर्म की भूमिका पर मंथन किया। वीके मोहम्मद ने यहां ईसाई धर्म के सर्वोच्च प्रतिष्ठित पोप फ्रांसिस से भी मुलाकात की और उनसे आध्यात्मिक अनुभव ग्रहण किया। वैशाली नगर निवासी वीके मोहम्मद ने बताया कि इस वैश्विक धर्म संसद में दुनिया भर के प्रतिनिधियों ने विश्व शांति में धर्म की भूमिका और इसमें अपने योगदान पर चर्चा की। वहीं विश्व शांति के समक्ष आ रही चुनौतियों का समाधान निकालने पर भी विचार हुआ। उल्लेखनीय है कि इस्पात नगरी भिलाई में इंजीनियरिंग फर्म सन्मति एंटरप्राइजेज संचालित कर रहे वीके मोहम्मद वर्तमान में शिवगिरी मठ वर्कला में चेयरमैन एडवाइजरी बोर्ड सदस्य हैं। इसके पहले वे श्री नारायण गुरु यूनिवर्सल कन्फेडरेशन ऑर्गेनाइजेशन के प्रेसिडेंट भी रहे हैं।

### पोप फ्रांसिस से मिलना आध्यात्मिक अनुभव

वीके मोहम्मद ने बताया कि वेटिकन सिटी में धर्म संसद में ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का उद्बोधन हुआ। वहीं सभी आगंतुकों को पोप से प्रत्यक्ष भेंट करने का अवसर भी दिया गया। वीके मोहम्मद वहां सपत्नीक उपस्थित थे। पोप फ्रांसिस से अपनी मुलाकात का उल्लेख करते हुए वीके मोहम्मद कहते हैं, उनके लिए यह जीवन का एक महान आध्यात्मिक अनुभव रहा, जब हम दोनों पति-पत्नी ने उनसे मुलाकात की। वीके मोहम्मद कहते हैं, इस दौरान पोप फ्रांसिस काफी देर तक उनका हाथ थामे रहे और आशीर्वचन भी दिया।

एजुकेशन इवेंट

## टीचिंग, लर्निंग, रिसर्च में फार्मेसी को मिला प्रदेश का पहला नैक ए ग्रेड कॉलेज

**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च रूंगटा आर-1 छत्तीसगढ़ का पहला फार्मेसी कॉलेज बन गया है,



जिसे राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने नैक के ए ग्रेड से नवाजा है। मंगलवार को नैक ने ए ग्रेड सर्टिफिकेशन की घोषणा की। रूंगटा फार्मेसी में टीचिंग लर्निंग, रिसर्च इनोवेशन, बेस्ट प्रैक्टिसेस, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टूडेंट्स सपोर्ट जैसे मापदंडों पर खरा उतरने पर नैक परिषद ने कॉलेज को 3.16 सीजीपीए के साथ ए ग्रेड दिया है। प्रदेश के किसी अन्य शासकीय या निजी फार्मेसी कॉलेज के पास फिलहाल नैक का ए ग्रेड नहीं है। रूंगटा ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा ने बताया कि, हाल ही में नैक ने जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को भी ए ग्रेड की सौगात दी है। वहीं इससे पहले इंजीनियरिंग कॉलेज आरसीईटी को भी नैक का ए ग्रेड मिल चुका है। इस तरह अब ग्रुप के सभी कॉलेजों के पास नैक का ए ग्रेड हो गया है। यह ग्रेड जितना कॉलेज की प्रतिष्ठा को दशार्ता है, उतना ही विद्यार्थियों को मिलने वाली शैक्षणिक गुणवत्ता और सुविधाओं का भी प्रतीक है।

### इसलिए मिला ए ग्रेड का तमगा

कॉलेज को नैक का ए ग्रेड दिलाने में वर्ल्ड क्लास प्रयोगशालाओं के साथशानदार एकेडमिक्स का योगदान है। रूंगटा फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य और ग्रुप डायरेक्टर आरएंडडी डॉ. एजाजुद्दीन दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की फेहरिश्त में शामिल हैं। नैक का ग्रेड देने से पहले पीयर कमेटी द्वारा किए गए निरीक्षण में सभी पहलूओं को परखा गया, जिसमें नैक ने रूंगटा फार्मेसी को मिले साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च आर्गनाइजेशन (सीरो) संस्थान के दर्जे की भी सराहना की। कॉलेज के फार्मेसी स्टूडेंट्स को रिसर्च के लिए उपलब्ध हाईटेक मशीनें भी टीम ने देखी। इसके अलावा रिसर्चर्स विद्यार्थियों को दी जा रही फंडिंग की भी टीम ने तारीफ की।

फिल्म हेतु हबीब, देवदास व भुलवा के साथ महीने भर की शूटिंग

कार्नर न्यूज

# चरणदास चोर के लिए श्याम बेनेगल ने भिलाई में बहाया पसीना

**विमल शंकर झा/भिलाई।** अपनी क्लासिक फिल्मों के लिए देश दुनिया में मशहूर बालीवुड के फिल्म निर्माता और निर्देशक श्याम बेनेगल की फिल्मों की खासियत समाज की सच्चाई और मानवीय संवेदना है। सेल्यूलाइड स्क्रीन पर उनके जीवंत निर्देशन और आम किरदारों के सजीव अभिनय ने उनकी फिल्मों की तरह उन्हें भी एक अमर फिल्मकार बनाया। लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि भारतीय सिनेमा के प्रमुख पायोनियरों में शुमार श्याम बेनेगल का औद्योगिक तीर्थ सहित अविभाजित दुर्ग जिला से गहरा नाता रहा है। गर्व की बात यह है कि अंतर्राष्ट्रीय नाट्य स्पर्धा एडिनबरा में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले प्रसिद्ध नाटक चरणदास चोर पर इसके पूर्व इसी नाम से अवार्डेड फिल्म भी बनी थी। 70 के दशक में प्रदर्शित प्रसिद्ध पंथी नर्तक देवदास बंजारे अभिनीत यह फिल्म किसी और ने नहीं बल्कि 90 वर्ष की उम्र में हमसे बिछड़े स्व. बेनेगल ने ही बनाई थी, जिसमें भिलाई सहित जिला के कई प्रसिद्ध लोक व





रंगमंच कलाकारों ने यादगार भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म निर्माण व निर्देशन के लिए स्व.बेनेगल टीम के साथ करीबन महीनेभर भिलाई में ही ठहरे थे। इसकी यादें अभी तक यहां के कलाकारों के जेहन में तरोताजा हैं। प्रसिद्ध रंगमंच व फिल्म निर्देशक हबीब तनवीर की प्रख्यात नाट्य संस्था नया थिएटर के रंगकर्मियों व भिलाई के लोककारों के मुताबिक शशि कपूर, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह, ओमपुरी व करिश्मा कपूर जैसे कई बड़े कलाकारों के साथ जुनून, मंडी, मंथन, निशांत, सरदारी बेगम, जुबैदा, मेकिंग आफ द महात्मा और सूरज का सातवां घोड़ा आदि कई कालजयी फिल्मों का निर्देशन करने वाले श्याम बेनेगल को लोक संस्कृति व लोक कला की भी गहरी समझ थी। यही जुनून इस शाहकार को भिलाई खींच लाया, जिन्होंने यहां के नामचीन लोक रंगमंच लोककलाकारों को लेकर चरणदास चोर फिल्म का निर्माण व निर्देशन किया। बेनेगल की इस फिल्म की तरह उनके यहां फिल्म बनाने की कहानी भी जितनी संघर्षपूर्ण है उतनी ही दिलचस्प व प्रेरक भी है। नया थिएटर के प्रसिद्ध कलाकार छन्नूलाल सिन्हा बताते हैं कि छग के प्रसिद्ध नाचा कलाकारों को हिंदी रंगमंच कलाकारों में पारंगत कर चुके अपने प्रिय मित्र हबीब तनवीर के आग्रह व सभी के अभिनय से प्रभावित होकर श्याम बेनेगल भिलाई आए और 1974 में चरणदास चोर नाटक निर्माण की प्रक्रिया के दौरान ही इस नाटक के आंचलिक कलाकारों के साथ इसी नाम से फिल्म निर्माण शुरु किया। 1975 में प्रदर्शित क्लासिक फिल्म चरणदास चोर में नायिका स्मिता पाटिल (रानी) सहित भिलाई व राजनांदगांव समेत दुर्ग जिला के देवदास बंजारे (पंथी नर्तक), मदन निषाद, भुलवाराम, लालूराम बोड़रा ( चरणदास चोर) गोविंदारम निर्मलकर, देवीलाल नाग, ब्रजलाल, फिदा बाई (दासी), माला, पंडवानी गायक झाड़ूराम देवांगन, राजनांदगांव के राउत नाचा कलाकार झाड़ूराम यादव आदि छग के लोक कलाकारों के जीवंत अभिनय व जहीन निर्देशन से फिल्म को फिल्मफेयर सहित आधा दर्जन अवार्ड मिले थे। इस फिल्म के गीतकार भी राजनांदगांव के स्वर्णकुमार साव व रायपुर के गंगाराम शिवहरे थे,संगीत मुंबई के संगीतकार रानू वर्धन, शांति वर्धन का था।

### छतागढ़ व खैरागढ़ की शूटिंग में बेनेगल का जुनून

से. 6 बीएसपी गेस्टहाउस में नवंबर 74 में विजयदान देथा की कहानी पर आधारित चरणदास नामक लोक नाटक का निर्माण इसी नाम से बनी फिल्म के कलाकारों की सहभागिता से डेढ़ महीने की नाट्य वर्कशाप में शुरु हुआ था। इसी दौरान हबीब के आग्रह पर मुंबई से यहां पहुंचे श्याम बेनेगल ने छग के इन लोक रंगमंच कलाकारों के बेजोड़ अभिनय व कहानी से प्रभावित होकर इस पर इन्हीं कलाकारों के साथ फिल्म बनाने की इच्छा जाहिर की। हफ्तेभर बाद बेनेगल निर्माण यूनिट के साथ भिलाई आ धमके और नाटक निर्माण के दौरान फिल्म निर्माण भी शुरु कर दिया। प्रसिद्ध रंगकर्मी छन्नूलाल सिन्हा बताते हैं कि श्याम बेनेगल महीनेभर भिलाई में सुबह से देर रात कर भुलवाराम, मदन निषाद व लालूराम आदि कलाकारों के साथ छातागढ़ दुर्ग, खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विवि( रानीदरबार सैट), राजनांदगांव रानी सागर आदि छग के रमणीक व ऐतहासिक स्थलों पर कड़ाके की ठंड, अंधेरे व भूख प्यास को भूलकर शूटिंग में मशगूल रहते थे। 74 में प्रदर्शित इस फिल्म चर्चित रही। वहीं चरणदास चोर निर्देशक हबीब तनवीर द्वारा गुरु घासीदास की जंयती पर 18 दिसंबर 75 को सतनाम भवन भिलाई में पहला मंचन किया, जिसे लोककला मर्मज्ञ डां. विमल कुमार पाठक, दानेश्वर शर्मा, फिल्म मेकर केदार साहू सहित हजारों ने सराहा था। फिल्म को 1982 में एडिनबरा इंग्लैंड मे विश्व नाट्य स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार मिला था। फिल्म में मंत्री की भूमिका अभिनीत करने वाले नया थिएटर के कलाकार नांदगांव के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर के नाती आशीष निर्मलकर बताते हैं कि नानाजी अक्सर फिल्म व नाटक में अपनी भूमिका तुलना करते रहते हुए बेनेगल व हबीब तनवीर को हमदर्द कलाकार बताते थे।

**रानी से शादी नहीं करने पर चरणदास मिली मौत:** चरणदास चोर फिल्म में चरणदास नामक चोर का किरदार है, जिसे उसका गुरु 4 शर्त दिलाता है। कभी झूठ नहीं बोलूंगा, शादी करुंगा, हाथी की सवारी नहीं करुंगा और सोने की थाली में खाना नहीं खाऊंगा। नाटकीय मोड़ में जब वह राजमहल में पहुंचता है तो रानी उसे अपने साथ शादी करने जिद करती है लेकिन चरणदास शर्त पर अडिग रहता है और रानी उसे प्रेम का राज खुलने के डर से अपराधी करार मौत की सजा दिला देते ही है। बेनेगल ने चोर के किरदार लालूराम व रानी स्मिता पाटिल की दासी फिदा से तीन दिन तक मय डायलाग रिहर्सल करवाई थी। स्मिता नर्तकी फिदा से नृत्य सीखने की इच्छा रखती थीं। लोकमंचरी भिलाई के संस्थापक व लोक कलाकार पुन्नू यादव बताते हैं कि चरणदास फिल्म आज के फिल्म निर्देशकों के लिए प्रेरक है कि छग की कला में ऐसा कौन सा जादू था, जिससे 74 में श्याम बेनेगेल जैसे ख्यातिलब्ध निर्देशक को यहां आकर फिल्म बनाना पड़ता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### नेशनल सॉफ्ट टेनिस में राज्य का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** 68 वें स्कूल नेशनल साफ्ट टेनिस चैम्पियनशिप देवास मध्यप्रदेश में 20 से 24 दिसंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शालेय दल की सब जूनियर बालिका साफ्ट टेनिस टीम ने अपने पहले मैच में आंध्र प्रदेश को सिंगल और डबल्स दोनों मैच में परास्त कर क्वाटर फाइनल में पहुंची। जहां छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने तमिलनाडु को सिंगल्स और डबल्स में सीधे सेटों में परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां छत्तीसगढ़ बालिका टीम गुजरात से सिंगल्स और डबल्स में परास्त हो गयी। तीसरे स्थान के लिए हुए मैच छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने बिहार को सीधे सेटों में हराकर कर कांस्य पदक प्राप्त किया।

जूनियर वर्ग में बालिकाओं ने पहले मैच मैच में आईपीएससी की टीम को सीधे सेटों में परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने मध्य प्रदेश को सिंगल्स और डबल्स में परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। जहां छत्तीसगढ़ बालिका टीम को महाराष्ट्र से हार कर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की नंदिनी साहू, प्रेरणा फरिकार, संजना फरिकार, जी प्रियांशी रेड्डी व राधिका पांडे ने सब जूनियर वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में रिया सोनकर, यामिनी निषाद, बरखा रानी गौड़, वंशिका रजक और अंजलि सिन्हा ने रजत पदक प्राप्त किया और सीनियर वर्ग में चंचल सारथी, खुशबू बारेकर, पुर्णिमा फरिकार, आंचल बारेकर और रंजना चौहान ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ये सभी खिलाड़ी मायाराम सुरजन शासकीय कन्या शाला चौबे कालोनी रायपुर में अध्ययनरत हैं।

### रविशंकर विवि की बॉक्सिंग टीम ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में



**रायपुर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता 26 दिसंबर से गुरु काशी विश्वविद्यालय, भठिंडा (पंजाब) में आयोजित होगी। जिसमें भाग लेने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पुरुष बॉक्सिंग टीम मंगलवार को रवाना हुई। टीम के कोच राहुल कुमार पासवान और मैनेजर सुरज कुमार देशलहरे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, खेल निदेशक प्रो. रीता वेंणु गोपाल और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजीव चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। टीम के खिलाड़ी में रुद्र, एलेक्स, कुश, विजय, शेखर, धनंजय,सनत और वेणु शामिल हैं।

### राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए राज्य की सीनियर टीम घोषित



**रायपुर।** भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में दिल्ली जूडो संघ द्वारा राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता का आयोजन के. डी. जाधव इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में 04 से 06 जनवरी तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता से ही आगामी 38 वे राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड हेतु जूडो खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी और महासचिव एस आर सोनी की ओर से जिला जूडो संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ की टीम हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 22 दिसंबर को अनलिमिटेड जुडो अकेडमी, हाउसिंग बोर्ड, भिलाई में किया गया। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए छ ग प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, बलोदा बाजार भाटापारा, बिलासपुर, कोडागांव, रायगढ़ जिले के अलावा एवं बीएसपी जूडो क्लब के लगभग 98 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण चयन स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी अंतर्राष्ट्रीय रेफरी एवं अंतर्राष्ट्रीय ऑर्गेनाइजिंग एक्सपर्ट विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन शेख शरीफ अंतरराष्ट्रीय रेफरी, किरण शर्मा अंतरराष्ट्रीय रेफरी, विजय नाग अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक, श्वेता यादव राष्ट्रीय रेफरी, भगवती प्रसाद सूर्यवंशी राष्ट्रीय रेफरी, पी किशोर राष्ट्रीय रेफरी, स्पोर्टिंग सदस्य गौतम, राज, दिवेश रावत द्वारा किया गया। चयन स्पर्धा अंतर्राष्ट्रीय जूडो महासंघ एवं भारतीय जूडो महासंघ के नियम एवं उप नियम के अनुसार हुई। टीम में बालक वर्ग में घनश्याम निर्मलकर -60 केजी,वरुण लहरे -66 केजी,प्रियांशु नेताम -73 केजी, राहुल कुमार -81 केजी, भूपेंद्र नेताम -90 केजी,अनमोल सिंह -100 केजी और सुधीर चौहान +100 केजी तथा बालिका वर्ग में चांदनी यादव, -48 केजी,रंजीता कोराम -52 केजी,तनु रानी साहू, -57 केजी,दिव्या कुमारी, -63 केजी ,नंदिनी सिंह, -70 केजी, साधना जायसवाल, -78 केजी और स्नेहा नियोगी, +78 केजी शामिल हैं।

### बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर के स्वास्थ्य संबंधित नुकसान चिंता का विषय

# बॉडी बनाने के शौक में प्रोटीन पाउडर लेना जरूरत बन गया है तो हो जाएं सावधान, फायदे की जगह हो सकते हैं कई नुकसान

प्रोटीन पाउडर को लेकर किए गए अध्ययन में कई चौंकाने वाली बीतें सामने आईं। कहीं आप भी तो इसका अधिक सेवन नहीं करते हैं? शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए प्रोटीन कितना जरूरी पोषक तत्व है ये किसी से छिपा राज नहीं है। मांसपेशियों के निर्माण, शरीर को ताकत देने, कोशिकाओं को स्वस्थ रखने के साथ आपको बेहतर लुक देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। यही कारण है कि जिम जाने वाले लोगों के बीच प्रोटीन की मांग और भी अधिक होती है। वैसे तो सभी लोगों को नियमित रूप से प्रोटीन की जरूरत होती है पर जो लोग व्यायाम करते हैं उन्हें अधिक मात्रा में इसके सेवन की सलाह दी जाती है ताकि मांसपेशियों में मजबूती आ सके। आजकल स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक लोगों के बीच प्रोटीन पाउडर का उपयोगआम हो गया है। हालांकि, बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर के स्वास्थ्य संबंधित नुकसान भी चिंता का विषय रहे हैं। बाजार में नकली या मिलावटी प्रोटीन पाउडर बेचे जाने की खबरें भी सामने आती रही हैं। इनमें सस्ते और हानिकारक रसायनों का उपयोग किया जाता है, जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं।



### आप भी तो प्रोटीन पाउडर नहीं ले रहे हैं?

प्रोटीन पाउडर में हो सकती है स्टेरॉयड की मात्रा

जिम से लौटने के बाद एक गिलास दूध या स्मूदी में प्रोटीन पाउडर मिलाकर पीना आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक सरल तरीका लग सकता है। आखिरकार, प्रोटीन मांसपेशियों, हड्डियों की मजबूती और शरीर के कई कार्यों के निर्माण और रखरखाव के लिए आवश्यक है। लेकिन सावधान रहें, बाजार में मिलने वाले प्रोटीन पाउडर आपके लिए फायदेमंद हों ये जरूरी नहीं है। शरीर को तेजी से सुडौल बनाने के लिए कई प्रोटीन पाउडर में स्टेरॉयड की मात्रा देखी गई है जिसके सेहत पर कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं।

### प्रोटीन पाउडर के नुकसान

प्रोटीन पाउडर के नुकसान को लेकर किए गए अध्ययन में कई चौंकाने वाली बीतें सामने आईं। क्लीन लेबल प्रोजेक्ट नामक एक गैर-लाभकारी समूह ने प्रोटीन पाउडर में विषाक्त पदार्थों के बारे में रिपोर्ट जारी की। शोधकर्ताओं ने 134 उत्पादों की जांच की और पाया कि कई प्रोटीन पाउडर में भारी धातुएं जैसे (लेड, आर्सेनिक, कैडमियम और मर्करी), बिस्फेनॉल-ए (बीपीए, जिसका उपयोग प्लास्टिक बनाने के लिए किया जाता है) और सेहत के लिए नुकसानदायक कई अन्य तत्व हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक प्रोटीन पाउडर में बीपीए की अनुमत सीमा से 25 गुना ज्यादा मात्रा थी। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ प्रोटीन पाउडर या सप्लीमेंट्स की जगह प्राकृतिक स्रोतों से इसे प्राप्त करने की सलाह देते हैं।

### प्रोटीन सप्लीमेंट्स के क्या नुकसान हैं?

प्रोटीन सप्लीमेंट्स, विशेषकर दोयम दर्जे के सप्लीमेंट्स सेहत को कई प्रकार से नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### पाचन तंत्र की समस्या

कुछ प्रोटीन पाउडर में हाई-प्रोसेस्ड सामग्री होती है, जो पाचन समस्याओं जैसे गैस, ब्लोटिंग, डायरिया या पेट दर्द का कारण बन सकती है।

### किडनी की बीमारियां

अत्यधिक प्रोटीन पाउडर का सेवन किडनी पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती है, जिससे किडनी से संबंधित समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है, विशेषकर यदि व्यक्ति पहले से किडनी की बीमारी से ग्रस्त हो। ज्यादातर प्रोटीन सप्लीमेंट्स में स्टेरॉयड की मात्रा होती है जो किडनी की सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक है।

# मूलांक 1 वाले जरूर पहनें इन रंगों के वस्त्र, जीवन में मिलेगी सफलता



मूलांक 1 वाले जातक सूर्य ग्रह से प्रभावित होते हैं। इनकी कुंडली में सूर्य ग्रह की स्थिति मजबूत होती है, जिसके फलस्वरूप इनके जीवन में अनेक सकारात्मक गुण देखने को मिलते हैं। मूलांक 1 वाले जातक आत्मविश्वास से भरपूर होते हैं। इनमें नेतृत्व क्षमता कूट-कूटकर भरी होती है।

ये लोग स्वतंत्र चरित्र के धनी होते हैं। इन्हें किसी पर निर्भर रहना पसंद नहीं होता है। ये लोग निर्णायक और साहसी होते हैं। ये किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। इनमें रचनात्मकता कूट-कूटकर भरी होती है। ये लोग हर काम को रचनात्मक तरीके से करना पसंद करते हैं।

मूलांक 1 वाले जातक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। अब ऐसे में मूलांक 1 वाले जातकों के लिए कौन सा रंग शुभ है। इन्हें किस रंग का वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

मूलांक 1 वाले पहनें पीले रंग का वस्त्र यह रंग आत्मविश्वास, ऊर्जा, रचनात्मकता और सफलता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग स्वाभाविक रूप से नेता होते हैं, और पीला रंग उनके नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसलिए मूलांक 1 वाले जातक पीले रंग के वस्त्र पहनें।

**मूलांक 1 वाले पहनें सुनहरे रंग का वस्त्र:** मूलांक 1 वाले सुनहरे रंग के वस्त्र पहनें। यह रंग समृद्धि और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग महत्वाकांक्षी होते हैं, और सुनहरा रंग उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। साथ ही जातक को जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**मूलांक 1 वाले पहनें नारंगी रंग के वस्त्र:** मूलांक 1 वाले नारंगी रंग के वस्त्र जरूर पहनें। यह रंग उत्साह, जोश और साहस का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोग ऊर्जावान होते हैं, और नारंगी रंग उन्हें अपनी ऊर्जा को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

**मूलांक 1 वाले काले रंग के वस्त्र** भूलकर भी न पहनें। यह रंग नकारात्मकता, रहस्य और अंधेरे का प्रतीक है। मूलांक 1 वाले लोगों को काले रंग से बचना चाहिए, क्योंकि यह उनकी ऊर्जा को कम कर सकता है।

**मूलांक 1 वाले न पहनें भूरे रंग के वस्त्र:** मूलांक 1 वाले भूरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। यह रंग उदासी, नीरसता और स्थिरता का प्रतीक है।

# भूलकर भी इन चीजों को मिक्सर ग्राइंडर में डालने की गलती न करें

अक्सर आपने देखा होगा किसी किसी की मिक्सी का ब्लेड बहुत जल्दी टूट जाता है, या उसकी शार्पनेस खराब होने लगती है। जिसको हमें बार-बार पैसा देकर ठीक कराना पड़ता है। क्या आप जानते हैं ऐसा किस वजह से होता है?



### साबुत गर्म मसाला

गरम मसाला बनाने के लिए कई तरह की चीजों को पीसना पड़ता है। उनमें से कुछ सॉफ्ट तो कुछ बहुत ही ज्यादा हार्ड होती हैं। ऐसे में कुछ लोग गरम मसाला पीसते हुए उन सभी चीजों को एक साथ जार में डालकर पीस देते हैं। जिसके चलते ब्लेड पर प्रेशर पड़ता है और उसकी धार या कभी-कभी ब्लेड भी टेढ़ा हो जाता है या टूट जाता है। आप जब भी गरम मसाला पीसें तो उसको पहले खल्लड़ में डालकर कूट लें। हल्का दरदरा हो जाने के बाद अब आप उसे मिक्सी में डालकर पीस सकती हैं। ऐसा करने से आपका मिक्सी जार खराब नहीं होगा।

### बर्फ के टुकड़े

अक्सर हम लोग जब कभी घर पर लस्सी, कोल्ड कॉफी या शेक बनाते हैं, तो मिक्सर ग्राइंडर में बड़े-बड़े बर्फ के टुकड़े डाल देते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। इसके लिए या तो आप बाहर निकालकर बर्फ मिलाएं या फिर आइस क्यूब्स को तोड़कर जार में डालें। बड़े बर्फ के टुकड़े ब्लेड में अटकते हैं, जिससे टूटने का डर बना रहता है।

### कॉफी बीन्स

यदि आप कॉफी बीन्स से घर पर कॉफी पॉवडर बनाती हैं, तो कॉफी बीन्स को भी मिक्सर ग्राइंडर में डालकर नहीं पीसना चाहिए। ऐसा करने से ब्लेड में उसके टुकड़े फंस सकते हैं और चलाते समय अटकेंगे। यदि आप मिक्सी जार में ज्यादा आयल वाली चीजों को डालकर पीसते हैं।



# कम मेहनत में बढ़ जाएगी घर की रौनक, सजाएं अपना क्रिसमस ट्री

क्रिसमस के मौके पर कई बार लोग घर में लगे रियल क्रिसमस ट्री तो कुछ लोग आर्टिफिशियल ट्री लाकर इसे डेकोरेट करते हैं। ऐसे में अगर आप भी क्रिसमस के मौके पर ट्री को सजाना चाहते हैं, तो आपको कुछ ऐसे डेकोरेशन आइडियाज के बारे में जानना चाहिए, जिसकी मदद से आप ट्री को आसानी से सजा सकती हैं।

### गिफ्ट की मदद से करें सजावट

क्रिसमस के मौके पर अधिकतर लोग बच्चों को उपहार देते हैं। ऐसे आप चाहें तो क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए नीचे साइड गिफ्ट्स को रख सकती हैं। इसके अलावा आप बाजार में मिलने वाले छोटे-छोटे आर्टिफिशियल गिफ्ट बॉक्स को ट्री में बांधकर सजा सकती हैं।

### चीकू के फल से करें डेकोरेट

क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए आप चीड़ के फल से भी सजावट कर सकती हैं। इसके लिए चीड़ के फल को ऊपर की ओर करके डोरी मदद से प्लांट से बांध दें। इसके साथ ही प्लांट के नीचे के हिस्से को बोरी कटिंग की मदद से बांध दें। इससे घर में एक अलग लुक देखने को मिलेगा। साथ ही आप चाहें तो इसके ऊपर रेड कलर के आर्टिफिशियल चेरी फ्रूट लगा सकती हैं।

### रिबन की मदद से करें सजावट



क्रिसमस के मौके पर घर को सजाने के लिए आप रिबन का इस्तेमाल कर सकती हैं। रिबन को क्रिसमस ट्री के ऊपर से लेकर नीचे अपने हिसाब से डेकोरेट कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहें तो अलग-अलग तरीके से उसे लगा सकती हैं। इसके अलावा आप स्ट्रिंग लाइट्स का भी यूज कर सकती हैं।

### बॉल्स और बैलून की मदद करें डेकोरेट

ऊपर बताए गए तरीकों के अलावा आप चाहें तो गोल्डन बॉल्स और बैलून की मदद से सजा सकती हैं। इसके लिए छोटे-छोटे रंग-बिंरगे या सिंगल एक ही रंग का गुब्बारा लगा सकती हैं। गुब्बारे के अलावा आप गोल्डन बॉल्स और सितारों की मदद से भी सजावट कर सकती हैं।



कार्नर न्यूज

## पुरुषों के मन में अक्सर उठने वाले सवालों का जवाब है यहां

# इन बातों पर लड़कियां आसानी से हार जाती हैं दिल, नौजवान अपने में तलाशें इन खूबियों को

लड़कियों को लड़कों की कौन सी बातें अच्छी लगती हैं?अक्सर पुरुषों के मन में ये सवाल उठता है। लेकिन इस सवाल के कई जवाब हैं। कुछ जवाब असाधारण हैं तो कुछ बिल्कुल साधारण। ये साधारण वाले जवाब ऐसे हैं जिनके साथ आपको कुछ खास बदलाव नहीं करने हैं बल्कि सिर्फ खुद की अच्छाइयों को बाहर लाना है।कौन-कौन सी हैं ये साधारण खूबियां, जिनके साथ आप जीत सकते हैं लड़कियों का दिल, जानते हैं-क्यों हैं इन खूबियों की जरूरत- हेल्थी रिलेशनशिप के लिए इन खूबियों की जरूरत होती है। इन खूबियों के बिना रिश्ते बन भले ही जाए लेकिन टिक नहीं पाएंगे। कह सकते हैं ये कुछ खूबियां लव रिलेशनशिप की जान हैं। इसलिए इन खूबियों की जरूरत रिश्ते को होती ही है।



### आप अंडरस्टेंडिंग हैं-

आज की महिलाएं पढ़ लिख कार अपनी अलग शख्सियत बना लेती हैं। पहले ऐसा सिर्फ पुरुषों के साथ होता था और महिलाएं पुरुषों की शख्सियत को समझदारी के साथ डील करती थीं। फिर जिंदगी आसानी से कटती थी। लेकिन अब यही काम महिलाओं के साथ होता है तो पुरुषों को भी अंडरस्टेंडिंग बनना होगा। अंडरस्टेंडिंग बन जाने से भी काम नहीं चलेगा, आपको अपने व्यवहार में ये दिखाना भी होगा।

### शौक और हुनर के बारे में करें बात

पहले का समय ऐसा था जब महिलाओं के घर के कामों के आधार पर आंका जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब महिलाएं भी पुरुषों की तरह खुद को प्रोफेशनली डेवलेप करती हैं। ऐसे में उनसे सिर्फ घर के कामकाज से जुड़ी बातें करना सही नहीं है। आप उनके हुनर और शौक की बातें कीजिए। उन्हें विश्वास होगा कि आपको उनकी मेहनत और कुछ बन जाने पर गर्व है।

### उनकी बात सुननी होगी-

डेट पर मिल रहे हैं तो ये बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि आप सिर्फ अपनी खासियतें ही बताते रहें और इम्प्रेस करने की कोशिश में ही लगे रहें। इस वक्त आपको उनकी बातें भी सुननी होंगी। उनको लगे कि आप उनकी बातें सुनते हैं, सिर्फ अपनी ही नहीं कहते रहते हैं।

### आप खुशमिजाज हैं

आप खुशमिजाज हैं न कि निगेटिव पर्सनालिटी वाले शख्स। ये बात आपको उन्हें दिखानी होगी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रावेन द हंटर को लगा झटका, सोनी-मार्वल फिल्म की सबसे खराब शुरुआत



स्पाइडर-मैन स्पिन ऑफ 'क्रावेन द हंटर' ने इस सप्ताहांत उत्तरी अमेरिकी सिनेमाघरों में खराब शुरुआत की। स्टूडियो के अनुमान के अनुसार, आरोन टेलर-जॉनसन अभिनीत इस फिल्म ने मात्र 11 मिलियन डॉलर की कमाई की, जो इसे मार्वल के लिए सबसे खराब शुरुआत में से एक बनाता है। इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन फिल्म 'मैडम वेब' से भी कम था। आर-रेटेड 'क्रावेन द हंटर' का निर्देशन जेसी चंदोर ने किया था और इसे कई देरी का सामना करना पड़ा। यह देरी हॉलीवुड हड़तालों के कारण भी हुई। इसे करीब तीन साल पहले शूट किया गया था और मूल रूप से जनवरी 2023 में सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार किया गया था। इस फिल्म के निर्माण में कथित तौर पर 110 मिलियन डॉलर की लागत आई थी और इसे टीएसजी द्वारा सह-निर्मित किया गया था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसने 15 मिलियन डॉलर कमाए, लेकिन इसके लंबे समय तक चलने की संभावना नहीं है। वर्तमान में इसे रॉटन टोमाटोज पर 15 प्रतिशत रेटिंग मिली है और इसे ओपनिंग वीकेंड दर्शकों से सिनेमा स्कोर पर सी ग्रेड मिला है। एरोन टेलर-जॉनसन अभिनीत क्रावेन द हंटर हाल ही में वेनमः द लास्ट डांस के ठोस प्रदर्शन के बाद आई, हालांकि स्पाइडर-मैन यूनिवर्स स्पिन-ऑफ की सोनी की खराब पाइपलाइन में नई निराश करने वाली रही, जिसने 3,000 स्थानों से अनुमानित 11 मिलियन के साथ तीसरे स्थान पर शुरुआत की।

### टॉलीवुड

## चीन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली साउथ की फिल्म बन गई 'महाराजा'



विजय सेतुपति ने एक्शन थ्रिलर 'महाराजा' में अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार कमाई के बाद यह फिल्म अब सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दक्षिण भारतीय फिल्म और चीनी बॉक्स ऑफिस पर 10वीं सबसे बड़ी भारतीय फिल्म बन गई है। विजय सेतुपति की 'महाराजा' अब प्रभास और एसएस राजामौली की 'बाहुबली 2 द कन्क्लूजन' की 80.50 करोड़ रुपये की लाइफटाइम कमाई को पीछे छोड़ते हुए चीन में सबसे बड़ी दक्षिण भारतीय फिल्म बन गई है। 'महाराजा' ने चीन में 21 दिनों में लगभग 85.75 करोड़ रुपये की कमाई की है और चीनी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गई है। हालांकि, आमिर खान की 'दंगल' अभी भी चीन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है। इसके बाद सीक्रेट सुपरस्टार, अंधाधुन, बजरंगी भाईजान, हिंदी मीडियम, हिचकी, पीके, मॉम और टॉयलेटः एक प्रेम कथा का नंबर आता है। हालांकि, अगर विजय सेतुपति की 'महाराजा' चीन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाती है तो यह अक्षय कुमार की टॉयलेटः एक प्रेम कथा को पीछे छोड़कर चीनी बॉक्स ऑफिस पर नौवीं सबसे बड़ी भारतीय फिल्म बन जाएगी। इतना ही नहीं, महाराजा दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गई है। फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 193 करोड़ रुपये है और अगर फिल्म चीन में भी अच्छा प्रदर्शन करती है तो यह डबल सेंचुरी पार कर सकती है और 2024 में यह उपलब्धि हासिल करने वाली चौथी तमिल फिल्म बन जाएगी। निथिलन समीनाथन द्वारा निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर में अनुराग कश्यप, ममता मोहनदास, नटराजन सुब्रमण्यम, अभिरामी गोपीकुमार, दिव्यभारती, सिंगमपुली, अरुलदोस, मुनीशकांत, सचाना नामीदास, मणिकंदन और भारतीराजा भी हैं।

### भोजपुरी

## स्मृति की नई फिल्म में पराई से अपनी बेटी बनने का दिल छू लेने वाला सफर



नई भोजपुरी मूवी 'पराई बेटी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी आपका दिल छू लेगी। एक ऐसी लड़की, जिसके मां-बाप नहीं हैं। अपने मामा-मामी के घर पर रहती है, लेकिन उसके साथ परायों जैसा व्यवहार किया जाता है। फिर भी बिना कुछ बोले वो घर के सारे काम खुशी-खुशी करती है, लेकिन एक दिन उसकी शादी पागल आदमी से करा दी जाती है और यहीं से उसकी किस्मत पलट जाती है। स्मृति सिन्हा की नई भोजपुरी फिल्म 'पराई बेटी' के 4 मिनट 30 सेकेंड के वीडियो में दिखाया गया है कि अपनी मामियों के अत्याचार सहने के बाद भी उस लड़की के मन में उनके लिए नफरत नहीं होती है। उसकी जिस पागल आदमी से शादी करा दी जाती है, वो बहुत बड़े घर का लड़का होता है और उससे बहुत प्यार करता है। उस लड़की की मामियों की बेटियों को ससुराल में खूब प्रताड़ित किया जाता है। उनसे 50 लाख रुपये मांगे जाते हैं। इसी चिंता में लड़की के दोनों मामा का एक्सीडेंट हो जाता है। जब इसकी खबर भांजी को लगती है तो वो दौड़ी चली आती है और अपने परिवार को इस मुश्किल से बाहर निकालती है। वो अपनी मामियों का दिल पिघलाने में भी कामयाब हो जाती है। उस लड़की का पराई से बेटी बनने का सफर अब जाकर पूरा होता है।




जानी मानी डिजाइनर अर्चना कोचर ने दुबई के इंटरनेशनल फैशन वीक फॉल विंटर-2024 में हरे रंग में रंगे अपने कलेक्शन पेश किए। रेगिस्तान की तपिश के बीच हरियाली में रंगे कलेक्शन दर्शकों को सुकून देने वाले थे। अर्चना के कलेक्शन की खास बात यह थी कि भारतीय पहनावा साड़ी ब्लाउज को अलग-अलग ढंग से पेश करने दुनिया के अलग-अलग मुल्क की मॉडल ने नुमाइश की।

## बालों में हेयर स्ट्रेटनर यूज करने से पहले ये बातें जानना है बेहद जरूरी



बालों को हेल्दी रखने के लिए हम अलग-अलग तरीके हेयर स्टाइल को बनाते हैं। जिसे बनाने के लिए हम ज्यादातर स्ट्रेटनिंग मशीन का इस्तेमाल करते हैं, ताकि जब हम हेयर स्टाइल बनाएं तो उसमें किसी तरह की कोई दिक्कत न आए।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये आपके बालों को पूरी तरह से डैमेज कर देती है। ऐसा इसलिए क्योंकि हम कई बार इसे इस्तेमाल करते समय कई सारी गलतियां कर देते हैं। जिसका असर हमारे बालों पर भी देखने को मिलता है। इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट की बताई गई बातों को जरूर जानें। अगर आपका गीले बालों में स्टेनर का इस्तेमाल करते हैं तो अब ऐसी गलती बिल्कुल भी न करें। इससे बाल और ज्यादा डैमेज हो जाएंगे।

इसकी वजह से बाल ड्राई होने शुरू हो जाएंगे। साथ ही कुछ समय बाद दो मुंहे बाल होने लगेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके स्कैल्प भी कमजोर हो जाएंगे। इसलिए कोशिश करें कि ऐसी गलती न करें।अगर आपको लगता है कि मशीन के ज्यादा गर्म होने से बाल आसानी से स्ट्रेट हो जाएंगे, तो ऐसा बिल्कुल (बालों की खूबसूरती के लिए टिप्स) भी नहीं है।

इस बात का ध्यान रखें कि इससे आपके बाल फ्रिजी नजर आएंगे। इसलिए कोशिश करें कि टेम्प्रेचर को कंट्रोल करें ताकि बाल डैमेज न हो। बालों में स्ट्रेटनिंग मशीन का इस्तेमाल ज्यादा न करें वरना बाल खराब हो जाएंगे। अगर आपने बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल किया है तो उसके बाद बिल्कुल भी इसका इस्तेमाल (बालों को हेल्दी रखने के टिप्स) न करें वरना स्कैल्प में दिक्कत हो जाएगी। एक्सपर्ट की सलाह के बिना इसका इस्तेमाल न करें।

## सिल्क की साड़ी पहनकर दिखाइए जलवा, एक नजर देखिए इधर भी




साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे भारतीय महिलाएं बेहद मन से पहनती हैं। अगर कहीं किसी कार्यक्रम में जाने के लिए ये समझ नहीं आता कि क्या पहनें तो साड़ी एक बेहतर विकल्प लगता है। चाहे ऑफिस की पार्टी हो, या फिर कोई शादी-विवाह अटेंड करना हो, साड़ी पहनकर महिलाएं हर जगह अपना जलवा दिखा सकती हैं।



अगर बात करें इस साल के फैशन ट्रेंड की, तो भले ही समय के साथ फैशन बदलता रहता है, लेकिन साड़ियों के प्रति महिलाओं का प्यार कभी कम नहीं होता है।

खास तौर पर अगर बात की जाए सिल्क की साड़ी की, तो उसका फैशन तो सदियों से चलता चला आ रहा है। इस साल बॉलीवुड की हसीनाओं ने बड़े इवेंट्स में भी सिल्क की साड़ी पहनकर जलवा दिखाया। इस लेख में हम आपको सिल्क की साड़ी का ही लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप भी उनके कलेक्शन से टिप्स लेकर सिल्क की साड़ी खरीद सकें।

**रेखाः** हर कार्यक्रम में अभिनेत्री रेखा सिल्क या कांजीवरम साड़ी पहनकर पहुंचती हैं। साल की शुरुआत में ही उन्होंने एक इवेंट में हरे रंग की बेहद ही खूबसूरत सिल्क की साड़ी कैरी की थी। इस लुक में वो बेहद खूबसूरत दिख रहीं थीं।

**शिल्पा शेट्टी :** अपने ग्लैमर की वजह से शिल्पा शेट्टी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इस पीले रंग की साड़ी के साथ उन्होंने बैकलेस ब्लाउज पहना है। इस साल उन्होंने कई जगहों पर सिल्क की साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाया।

**माधुरी दीक्षित :** धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित अक्सर साड़ी पहनकर जलवा दिखाती रहती हैं। इस स्काई डबल शेड की साड़ी में वो बेहद खूबसूरत दिख रहीं हैं। अपने इस लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने गोल्ड ज्वेलरी ही पहनी है। उनका ये लुक बेहद ही खूबसूरत है।

**कंगना रनौतः** अभिनेत्री कंगना रनौत इस ऑरेंज रंग की सिल्क की साड़ी में बेहद प्यारी दिख रहीं हैं। इस साड़ी के साथ उन्होंने अपने बालों में स्लीक स्टाइल में जूड़ा बनाया है और गले में हैवी सा चोकर पहना है। बालों में गजरा उनके लुक में चार चांद लगा रहा है।

## लंबा शर्ट पहनना हो तो अपनाएं यह तरीका

बॉलीवुड एक्टर्स के फैशन ट्रेंड आज से नहीं लंबे समय से हमें इंस्पायर करते आ रहे हैं। इसलिए, जब बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 70 के दशक में एक बार लंबी शर्ट को अलग तरीके से पहने दिखे, तो फैंस ने उस लुक को अपना लिया।

### लंबे शर्ट की लेयरिंग

कैजुअल लुक के लिए लंबे शर्ट की लेयरिंग सही हो सकती है। अगर आप लंबी शर्ट को पहनकर फैशनेबल दिखना चाहते हैं तो लेयरिंग करें। लंबे शर्ट की लेयरिंग करना सही होगा। हालांकि आज के दौर में लड़के इस तरह के लुक को अपनाते हैं। मगर कई बार हम देखते हैं कि कई लड़के शॉर्ट शर्ट के साथ लेयरिंग करते हैं। इस कारण उनका लुक उतना परफेक्ट नहीं दिखता है। इसलिए कभी भी टी-शर्ट के साथ शर्ट की लेयरिंग करने के लिए लंबाई का ध्यान रखें। मगर कभी भी लेयरिंग के लिए फॉर्मल शर्ट न चुनें। हमेशा कैजुअल शर्ट या डेनिम शर्ट की लेयरिंग करें।

### लंबी शर्ट को टक इन करें

कई बार हम शर्ट को कलर और प्राइज देखकर पसंद करने के बाद खरीद लेते हैं।



लेकिन जब शर्ट को पहनते हैं तो वह नीचे से लंबी होती है। इस तरह का अनुभव अधिकतर लड़के करते हैं। मगर उस वक्त शर्ट की रिप्लेसमेंट या नई शर्ट खरीदना सबके लिए संभव नहीं हो पाता है। अगर आपके सामने ऐसी परिस्थिति हो तो एक विकल्प है। आप लंबी शर्ट को टक इन कर के पहन सकते हैं। आप अपनी कैजुअल और फॉर्मल दोनों शर्ट को टक इन कर के पहन सकते हैं। इस तरह से शर्ट को पहनने से भी सही लुक मिल जाता है।

### लॉन्ग/ ओवरसाइज्ड शर्ट फैशन ट्रेंड

लंबी शर्ट्स को पहनना भी एक टाइप का फैशन ही है। इसलिए कुछ फैशन ब्रांड्स लॉन्ग शर्ट बनाते हैं।

## सर्दियों में जैकेटों से सजाएं अपनी अलमारी

दिसंबर का महीना खत्म होते-होते सर्दी भी बढ़ने लगी है। बढ़ती ठंड से हर कोई परेशान है। सर्दी के मौसम में लोग तमाम तरह के हैवी-हैवी कपड़े पहनकर घूमते हैं, ताकि उनकी मदद से उन्हें सर्दी कम लगे।

जिस तरह से गर्मी के मौसम में लोग तरह-तरह के कपड़े पहनकर स्टाइल दिखाते हैं, ठीक उसी तरह से सर्दियों में भी स्टाइल दिखाना बेहद जरूरी हो जाता है। खासतौर पर अगर बात की जाए जैकेटों की तो ज्यादातर लोगों को ये पता ही नहीं होता है कि जैकेट कितने तरह की होती हैं।

ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही जैकेटों के बारे में बताएंगे, जिनको कैरी करके आप सर्दी के मौसम में भी स्टाइल दिखा सकते हैं। जिन जैकेटों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, वो लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए परफेक्ट हैं। इस तरह की जैकेट हर किसी के पास होनी ही चाहिए।

### बॉम्बर जैकेट

अगर आपको डैपर लुक पसंद है तो इस तरह की बॉम्बर जैकेट आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। इस तरह की जैकेट टीशर्ट के साथ काफी ज्यादा क्लासी दिखती है। अगर आप इस जैकेट के साथ कूल दिखना चाहते हैं तो कैप पहन सकते हैं।



### ट्रकर जैकेट

इसे डेनिम जैकेट भी कहते हैं। हर लड़के और लड़की के पास ट्रकर जैकेट होना बेहद जरूरी होता है। इसे हर तरह की टीशर्ट के साथ कैरी किया जा सकता है। ऐसे में आप इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

### पारका जैकेट

जिन जगहों पर ज्यादा सर्दी होती है, उनके लिए ये जैकेट काफी सही विकल्प होता है। ऐसे में आप भी इस तरह की जैकेट को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकते हैं।

**कार्नर न्यूज**

### भीड़ के बीच अलग दिखने का अपना ही मजा

*क्रिसमस पार्टी लुक के लिए आप भी कुछ अलग तरह के आउटफिट्स को स्टाइल कर सकती हैं। इससे आप सुंदर नजर आएंगी। साथ ही, सबसे अलग दिखाई देंगी। जब आउटफिट की बात आती है, तो हम हमेशा कुछ अलग तरह के आउटफिट को स्टाइल करने के बारे में सोचते हैं। इसका आइडिया हम एक्ट्रेस के आउटफिट्स से भी लेते हैं। लेकिन अगर आपको फिर भी कुछ समय नहीं आ रहा है, तो ऐसे में आप आर्टिकल में दिखाए गए आउटफिट्स को स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह की आउटफिट्स पहनने क बाद अच्छी लगेंगी। साथ ही, इससे लुक भी सुंदर नजर आएगा।*

## क्रिसमस पार्टी में वॉव लुक के लिए स्टाइल करें खूबसूरत ड्रेस, पार्टी में होगी तारीफ



### बॉडीकॉन ड्रेस करें स्टाइल

आप क्रिसमस पर सुंदर दिखने के लिए बॉडीकॉन ड्रेस के अलग-अलग ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे डिजाइन और ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इसमें आप बो डिजाइन, या प्रिंटेड ड्रेस को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में भी आसानी से मिल जाएगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव लगेगा।

### क्रेप मिडी ड्रेस करें स्टाइल

सुंदर दिखने के लिए आप क्रिसमस पार्टी में क्रेप मिडी ड्रेस को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस में आपको पूरा रेड कलर या व्हाइट और रेड कलर का कॉम्बिनेशन भी मिलेगा। इससे आपका ड्रेस लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगेगा। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको 1,000 से 1,200 रुपये में मिल जाएगी।

### फ्लेयर्ड वाली मैक्सी ड्रेस

आप कुछ अलग ट्राई करने के लिए फ्लेयर्ड वाली मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस पहनने के बाद अच्छी लगती है। साथ ही, पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन होती है। इसे पहनने के बाद आपका लुक भी सुंदर नजर आता है। इसमें आपको कलर भी अलग-अलग मिल जाते हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ एक्सेसरीज स्टाइल कर सकती हैं। इस बार स्टाइल करें ये पार्टी ड्रेस। इस तरह की ड्रेस क्रिसमस पार्टी में अच्छी लगेगी। साथ ही, आपका लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में भी मिल जाएगी। जिसे आप अलग-अलग डिजाइन वाली ज्वेलरी के साथ वियर कर सकती हैं। इसके साथ आप अलग तरह का मेकअप भी क्रिएट कर पाएंगी।